दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



डीडीएलजे मूवमेंट मिस नहीं कर सकते........



अनन्या की दोस्ती है .......

वर्ष : 10 | अंक : 281 | लखनऊ, 22 सितम्बर, रविवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# भगवान विश्वनाथ का प्रतीक है ज्ञानवापी : सीएम योगी

## ज्ञानवापी एक स्ट्रक्चर मात्र नहीं, ज्ञान प्राप्ति का माध्यम भी है

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने आदि शंकर की ज्ञान साधना के लिए उनकी काशी यात्रा के एक प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि काशी में स्थित ज्ञानवापी कूप मात्र एक स्ट्रक्चर नहीं है बल्कि वह ज्ञान प्राप्ति का माध्यम और साक्षात भगवान विश्वनाथ का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि काशी में ज्ञान साधना के लिए आए आदि शंकर को भगवान विश्वनाथ ने एक अछूत चंडाल के रूप में दर्शन दिया और अद्वैत व ब्रह्म के संबंध में ज्ञानवर्धन किया।

सीएम योगी गोरखनाथ मंदिर में युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 55वीं एवं राष्ट्रसंत



ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 10वीं पुण्यतिथि समारोह के उपलक्ष्य में 20 सितम्बर शाम श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ के विराम पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। मंदिर के दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान किस रूप में दर्शन दे दें, यह कोई नहीं जानता। इस संबंध में एक प्रसंग का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि केरल से निकले संन्यासी आदि शंकर को जब लगा कि वह अद्वैत ज्ञान में परिपक्व हो गए हैं तो वह ज्ञान अर्जन भगवान विश्वनाथ की पावन नगरी के लिए काशी पधारे। एक सुबह जब वह गंगा स्नान के लिए जा रहे थे तो भगवान विश्वनाथ अछूत माने जाने वाले चंडाल के रूप में उनके मार्ग में आ गए। आदि शंकर ने जब कथित अछूत को मार्ग से हटने को कहा तो उन्हें जवाब मिला कि आप तो अद्वैत शिक्षा में पारंगत हैं। आप तो ब्रह्म सत्य है कि बात करते हैं। यदि आपके भीतर का मेरा ब्रह्म अलग-अलग है तो आपका अद्वैत सत्य नहीं है। क्या आप मेरी चमड़ी देखकर अछूत मानते हैं। तब आदि शंकर को यह पता चला कि यह तो वही भगवान विश्वनाथ दे रहे हैं जिनकी खोज में वह काशी आए हैं।

### समृद्ध परंपरा, प्राचीनता, संस्कृति और इतिहास पर गौरव की अनुभूति कराती हैं कथाएं

सीएम योगी ने कहा कि कथा का मतलब सिर्फ सुनना नहीं है बल्कि इसकी शिक्षाओं को जीवन के आचरण में उतारना भी है। श्रीमद्भागवत महापुराण या अन्य कथाएं हमें भारत की समृद्ध परंपरा, प्राचीनता, संस्कृति और इतिहास पर गौरव की अनुभूति कराती हैं। पांच हजार वर्षों से इन कथाओं का श्रवण भारत में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत एक धर्मप्राण देश है। भारत की आत्मा धर्म में है और यह धर्म सनातन धर्म है। सनातन धर्म की कथाएं सामाजिक एकता और राष्ट्रीय एकात्मता के आधार हैं।

# राजनाथ सिंह ने झारखंड में परिवर्तन यात्रा की शुरूआत की

## हेमंत सोरेन को सत्ता से हटाने का वक्त आ गया है

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

रांची, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज झारखंड में हैं। झारखंड के चतरा में उन्होंने भाजपा के परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान रक्षा मंत्री ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भारत की स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रथाओं के साथ खिलवाड़ किया और भ्रष्टाचार में लिप्त रहे। उन्होंने कहा कि भारत किसी भी दागी व्यक्ति को कभी स्वीकार नहीं करेगा। झारखंड में हेमंत सोरेन को सत्ता से हटाने और भाजपा को सत्ता में लाने का वक्त आ गया है। विपक्ष पर वार करते हुए कहा कि झारखंड के विकास की राह में तीन रोड़े हैं - झामुमो, कांग्रेस और राजद।

राजनाथ सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने विदेश में भारत की छवि धूमिल करने की कोशिश की और सिखों को उकसाया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भाजपा झारखंड में आदिवासी



महिलाओं से शादी कर रहे घुसपैठियों को बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड के लोग मेहनत करने में कभी पीछे नहीं हटते। मैं रक्षा मंत्री हूं और मैं देखता हूं कि हमारे झारखंड के भाई-बहन, हमारे आदिवासी भाई-बहन सुरक्षा बलों में हैं। वे अत्यंत साहस के साथ देश की सेवा कर रहे हैं। झारखंड में विकास की काफी संभावनाएं हैं।

भाजपा नेता ने कहा कि बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, रघुवर दास राज्य के सीएम रहे, लेकिन उन्हें झारखंड के विकास के लिए पर्याप्त समय नहीं मिला। उन्होंने कहा कि चाहे बाबूलाल मरांडी हों, अर्जुन मुंडा हों या रघुवर दास हों - किसी भी भ्रष्टाचार को लेकर उन पर कोई उंगली नहीं उठा सकता। हमारा कोई भी मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल नहीं गया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा की तैयारियां जोरो पर हैं, प्रधानमंत्री के दौरे से जनता में उत्साह है। उन्होंने कहा कि परिवर्तन यात्रा के साथ-साथ हम चुनाव अभियान की तैयारी भी कर रहे हैं।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 43.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,332.72

निफटी 24,834.85

# केजरीवाल को चुनें, भाजपा उपराज्यपाल के जरिए बिजली की दरें बढ़ाएगी: आतिशी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी, उपराज्यपाल के जरिए दिल्ली में बिजली की दरें बढ़ाने की कोशिश करेगी और लोगों से इस स्थिति को रोकने के लिए अरविंद केजरीवाल को चुनने का आग्रह किया। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दिल्ली की मनोनीत मुख्यमंत्री आतिशी ने आरोप लगाया कि भाजपा नीत उत्तर प्रदेश सरकार का बिजली मॉडल सबसे महंगा है और इसमें लंबे समय तक कटौती होती है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को मुख्यमंत्री चुनने से उन्हें इससे बचाया जा सकता है। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम जो उत्तर प्रदेश में देख रहे हैं, अगर आप केजरीवाल को नहीं चुनते हैं तो हमें दिल्ली में भी यही देखना पड़ सकता है। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि केवल वही सप्ताह के सातों दिन चौबीस घंटे मुफ्त बिजली दे सकते हैं। मैं अगले चार महीनों के दौरान दिल्ली के लोगों की रक्षा करूंगी क्योंकि भाजपा राष्ट्रीय राजधानी में बिजली की दरें बढ़ाने की कोशिश कर सकती है। इसपर पलटवार करते हुए दिल्ली भाजपा प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि जब फरवरी में उनकी सरकार आएगी तो केजरीवाल सरकार और निजी बिजली वितरण कंपनियों की लूट की जांच होगी और यथासंभव धन वापसी सुनिश्चित की जाएगी।

# तिरुपति बालाजी विवाद में टीटीडी की बड़ी लापरवाही आई सामने

## नियमों का हुआ उल्लंघन

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसादम को लेकर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने जो बयान दिया है, उससे विवाद खड़ा हो गया है। उन्होंने आरोप लगे है की पिछली सरकार ने मंदिर के प्रसादम को बनाने के लिए पशुओं की चर्बी का उपयोग किया गया था।

एन चंद्रबाबू नायडू ने दावा किया कि वाईएस जगन मोहन रेड्डी की सरकार ने प्रसादाम बनाने के लिए पशुओं की चर्बी का ऊपयोग किया है। सिर्फ यही नहीं तिरुपति में श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में लड्डू बनाने



के लिए भी घटिया व पशु की चर्बी से प्रसाद बनाने का काम किया गया है।

अपने दावे को पुख्ता करने के लिए टीडीपी एक प्रयोगशाला की रिपोर्ट में पेश कर चुकी है जिसमें लिखा गया है कि घी के नमूने में पशुओं की चर्बी शामिल है। इसमें मछली का तेल मिले होने का दावा किया गया है। जानकारी के मुताबिक नौ जुलाई 2024 को इसके नमूने लिए गए है। वहीं लैब की रिपोर्ट 16 जुलाई को सामने आई है। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद से ही कई तरह के सवाल भी खड़े हो रहे है। इसमें पूछा जा रहा है कि क्या घी का टेंडर ब्लैक लिस्टेड कंपनी को जान कर दिया गया। या इसमें कोई गड़बड़ी हुई है। या ये टेंडर गलती या अनदेखी के कारण ऐसी कंपनी को गया है। मीडिया रिपोर्ट से ये भी पता चला है कि टेंडर की शर्तों का भी उल्लंघन किया गया है। घी की जांच नहीं करवाई गई है।

जानकारी के मुताबिक टेंडर के क्लॉज 80 के मुताबिक उपयोग में लाई गई घी की हर खेप के लिए कंपनी को एमएबीएल सर्टिफिकेट पेश करना जरुरी है। टेंडर के क्लॉज 81 के मुताबिक तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम को घी के सैंपल की भी लैब जांच करवाना बेहद जरुरी है। माना जा रहा है कि अगस्त 2023 से जुलाई 2024 तक के दौरान ब्लैक लिस्टेड कंपनी के नमूनों में हो रही मिलावट को पहले क्यों नहीं पकड़ा गया था। इस मामले पर के तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का प्रबंधन भी चर्चा में आ गया है, जो मंदिर का प्रबंधन देखता है। एन चंद्रबाबू नायडू का कहना है कि घटिया माल का उपयोग कर बनाए गए लड्डूओं को वितरित कर पिछली सरकार ने देवस्थानम की पवित्रता को नुकसान पहुंचाया है।

## संक्षिप्त समाचार

### बरेली में हिंदू नाम रखकर लव जिहाद चला रहे मुस्लिम युवकों पर पुलिस का शिकंजा

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के जिला बरेली के इज्जतनगर थाना क्षेत्र के कर्मचारी नगर में कुछ हिंदूवादी संगठनों ने दो ऐसे लड़कों को पुलिस के हवाले किया है जो हिंदू नाम और पहचान पत्र के सहारे लव जिहाद चला रहे थे। इन युवकों के सम्पर्क में कई और मुस्लिम लड़के भी थे जो हिंदू नाम से सोशल मीडिया, इंस्ट्राग्राम आदि पर सक्रिय थे और लड़कियों को फंसाने और उनका धर्म परिवर्तन कराने की साजिश रचते थे। युवतियों को परेशान करते पकड़े गए शोहदों से पूछताछ में कई खुलासे हुए हैं। पकड़े गए युवक ने अपना नाम राहुल बताया था, हकीकत में वह नौशाद जमाली निकला। दूसरे युवक ने अपना नाम विक्की बताया था, वह अमान निकला। दोनों के पास से कई फर्जी आधार कार्ड मिले हैं। मोबाइल फोन की जांच में पता चला है कि इंस्टाग्राम पर दोनों की अलग-अलग नाम से आठ-दस आईडी हैं। हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारियों ने विशाल श्रीवास्तव के साथ मिलकर दोनों को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया था। यह जिहाद के आरोपी जिन लड़कियों को वे परेशान कर रहे थे, उनके बारे में अभी कुछ मालूम नहीं हो सका है। पुलिस ने अपनी ओर से दोनों के खिलाफ फजीर्वाड़ा करने आदि की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। शोहदों को पकड़ने वाले विशाल श्रीवास्तव का आरोप है कि अमान और नौशाद गिरोह बनाकर फर्जी नाम से समुदाय विशेष की लड़कियों को फंसाते थे। घटना वाले दिन उनके साथ दो-तीन अन्य युवक भी थे, जो मौके से भाग गए। नौशाद और अमान ने भी पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। गौरतलब हो, पिछले साल बारादरी थाना क्षेत्र में फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह का खुलासा हुआ था।

# राहुल गांधी के खिलाफ हुई अपमानजनक टिप्पणियां : खड़गे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जम्मू-कश्मीर में भाजपा और आरएसएस पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा और आरएसएस ने राहुल गांधी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की है और कांग्रेस इस जहरीली मानसिकता के खिलाफ आंदोलन शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा को राजनीति से हटाने के लिए जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन जरूरी था। उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि कांग्रेस आरक्षण का पूरा समर्थन करती है और समर्थन करती रहेगी।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने जम्मू कश्मीर में शांति, विकास पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणियों पर सवाल उठाते हुए पूछा कि आतंकवाद की घटनाएं क्यों हो रही हैं। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह प्रचार के समय बड़ी-बड़ी बाते करते हैं, बाद में कह देते हैं कि ये तो चुनावी जुमले थे। भाजपा कह रही है कि 5 लाख नौकरी देंगे। ऐसे में सवाल है कि आप तो सरकार में हैं, तो फिर नौकरी क्यों नहीं दी। लेकिन कांग्रेस जो कहती है, वो करती है.. इसलिए हम 1 लाख पदों पर भर्ती करेंगे।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में 35% बेरोजगारी है और 65% सरकारी पद यहां खाली हैं। भाजपा के



पास बहुत समय था, उनके एलजी के पास पॉवर भी थीं, लेकिन उन्होंने खाली पद नहीं भरे। पहले यहां लोगों को 11 किलो अनाज मिलता था, भाजपा ने उसे काट करके 5 किलो कर दिया। कांग्रेस सरकार में आते ही खाली पदों को भरेगी और 11 किलो राशन देगी। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह हमेशा जुमले बनाते हैं और उन्हीं पर वोट मांगते हैं। उन्होंने दावा किया कि हमने मनरेगा योजना शुरू की, देश के किसानों की कर्जमाफी की, जनता के लिए फूड सिक्योरिटी एक्ट लाए, बेहतर शिक्षा के अवसर बनाए, गरीबों के उत्थान के लिए काम किया। कांग्रेस पार्टी हमेशा से देश और जनता के लिए काम करती आई है।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमने सात गारंटियों की घोषणा की है। इसमें हमारा पहला मुद्दा जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिलाने का है। उन्होंने कहा कि हर परिवार का 25 लाख का बीमा देंगे। हर जिले में अस्पताल, परिवार की मुखिया महिला को हर महीने 3000 रुपए दिए जाएंगे। स्वयं सहायता समूह को बिना ब्याज के लोन देंगे। कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास की व्यवस्था लागू करेंगे। पिछड़े वर्ग को पूरा हक मिलेगा। उन्होंने कहा कि उनका कोई एजेंडा नहीं है। बीजेपी और आरएसएस के नेता हमेशा कांग्रेस नेताओं की जीभ काटने की बात करते हैं। बीजेपी के विधायकों और सांसदों ने कहा आपका भी वही हाल होगा जो आपकी दादी का हुआ है। उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही?.राहुल गांधी को भी आतंकवादी कहा गया। कांग्रेस पार्टी नहीं डरेगी।

# बीएसएफ जवानों को ले जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त, तीन जवान की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में शुक्रवार को चुनाव ड्यूटी के लिए जा रही एक बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के कम से कम तीन जवानों की मौत हो गई, जबकि 32 अन्य जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बस को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में बीएसएफ जवानों को ड्यूटी पर ले जाने के लिए किराए पर लिया गया था। दूसरे चरण का मतदान 25 सितंबर को होगा। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना में करीब 35 जवान घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया जिनमें से तीन की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि अन्य घायलों का इलाज किया जा रहा है और उनकी हालत स्थिर बताई गई है। इस बीच जम्मू-कश्मीर के पुलिस प्रमुख आर आर स्वैन ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और मृतकों के शोक संतप्त परिवारों और सहकर्मियों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने एक बयान में कहा, हम इन समर्पित जवानों के निधन पर शोक व्यक्त करते हैं जिन्होंने देश की अथक सेवा की।

# प्रधानमंत्री मोदी 26 सितंबर को पुणे में भूमिगत मेट्रो का उद्घाटन करेंगे: फडणवीस

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

पुणे । महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 सितंबर को पुणे में नयी भूमिगत मेट्रो रेल का उद्घाटन करेंगे और एक एलिवेटेड रूट की आधारशिला रखेंगे। एलिवेटेड रोड का निर्माण उन जगहों पर होता है, जहां यातायात अधिक रहता है। यह तकनीकी रूप से एक पुल की तरह होता है। फडणवीस जिले के लिए विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करने के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और अन्य नेताओं के साथ पुणे में थे। फडणवीस ने एक कार्यक्रम में जिले में विकास कार्यों पर बात करते हुए पंढरपुर से पुणे तक चार लेन वाले संत ज्ञानेश्वर महाराज पालखी मार्ग और संत तुकाराम महाराज पालखी मार्ग के लिए गडकरी को धन्यवाद दिया।

उन्होंने कहा, इस मार्ग का अंतिम




चरण जल्द ही शुरू होगा और हम इस पूरी सड़क का निर्माण कार्य समाप्त कर लेंगे। मुझे खुशी और सम्मान की अनुभूति हो रही है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने पालखी मार्ग के लिए इतने सारे निर्णय लिए हैं। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी सिविल कोर्ट से स्वारगेट तक भूमिगत मेट्रो गलियारे का उद्घाटन करेंगे। वह इस मार्ग को स्वारगेट से कटराज तक विस्तारित करने और पिंपरी चिंचवड से निगडी तक एलिवेटेड मार्ग बनाने की आधारशिला भी रखेंगे।

फणनवीस ने कहा, हम पुणे मेट्रो के लिए नए चरण बना रहे हैं। गणपति उत्सव के दौरान मूर्ति विसर्जन के लिए 3.5 लाख लोगों ने मेट्रो से यात्रा की। प्रधानमंत्री मोदी 26 सितंबर को नए मेट्रो मार्ग का उद्घाटन करेंगे और दूसरे मार्ग का भूमिपूजन करेंगे। आगामी दिनों में पुणे बेहतरीन शहरी आवासीय केंद्रों में से एक बन जाएगा।

# संत ज्ञानेश्वर, तुकाराम पालकी मार्ग का निर्माण पूरा, 42 हजार पेड़ लगाए गए: नितिन गडकरी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

पुणे । केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि संत ज्ञानेश्वर एवं संत तुकाराम पालकी मार्ग का निर्माण पूरा हो गया है और संत ज्ञानेश्वर महाराज पालकी मार्ग का उद्घाटन दिसंबर तक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हडपसर-दिवेघाट से मोहोल तक चार लेन वाले संत ज्ञानेश्वर महाराज पालकी मार्ग और पाटस से तोंडले-बोंडले तक संत तुकाराम महाराज पालकी मार्ग के किनारे 42,000 पेड़ लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को इन्हें हरित राजमार्ग बनाने के लिए और वृक्षारोपण करना चाहिए। गडकरी ने यह भी कहा कि केंद्रीय नागर विमानन राज्य मंत्री और पुणे से सांसद मुरलीधर मोहोल ने पुणे हवाई अड्डा का नाम जगद्गुरु संत तुकाराम



महाराज हवाई अड्डा करने का सुझाव दिया था।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री गडकरी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बात करने के बाद हमने नामकरण प्रस्ताव पारित किया। गडकरी ने कहा कि संत तुकाराम और संत ज्ञानेश्वर की शिक्षाएं उनके जीवन में एक बड़ी भूमिका निभा रही हैं और वह धर्म, पंथ तथा जाति का इस्तेमाल नहीं करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि कोई व्यक्ति अपने द्वारा किए गए काम से बड़ा बनता है। उन्होंने तुच्छ लाभ के लिए जाति का इस्तेमाल करने वालों की निंदा की। महाराष्ट्र के दूसरे सबसे बड़े शहर पुणे के बारे में उन्होंने कहा कि स्कूटर, कार और बस इथेनॉल से चलनी चाहिए क्योंकि यह यहां प्रदूषण को कम करने का सबसे अच्छा तरीका है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, आने वाले दिनों में, विमानन ईंधन में भी इथेनॉल होना चाहिए। गडकरी ने कहा कि दिसंबर तक पुणे जिले में 1.5 लाख करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य शुरू हो जाएगा। वह और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस यहां एक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे, जिसमें कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया। तीर्थस्थल पंढरपुर जाने वाले श्रद्धालुओं को सुगम आवागमन उपलब्ध कराने के लिए पालकी मार्ग की परिकल्पना की गई थी। दिवेघाट से मोहोल तक संत ज्ञानेश्वर महाराज पालकी मार्ग (राष्ट्रीय राजमार्ग 965) के लगभग 221 किलोमीटर और पाटस से टोंडले-बोंडेले तक संत तुकाराम महाराज पालकी मार्ग के 130 किलोमीटर हिस्से को चार लेन का किया जा रहा है, जिसके दोनों ओर से पालकियों के लिए पैदल मार्ग होंगे।

## संक्षेप

### युवती को शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।निगोहां थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती को शादी का झाँसा देकर चार साल तक यौन शोषण करने के आरोपी युवक को शनिवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया युवती को शादी का झाँसा देकर यौन शोषण के आरोपी जय करन मौर्या निवासी ककुआखेड़ा थाना निगोहां को शनिवार को पुलिस टीम ने गौतमखेड़ा तिराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### एसीपी ने मजदूर को दिलाई बकाया मजदूरी

मोहनलालगंज। क्षेत्र के गौरा निवासी मजदूर भल्लर ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर पटल पर मौजूद एसीपी रजनीश वर्मा से लिखित शिकायत करते हुये बताया गांव में स्थित सिंह ढाबे पर 200रुपए प्रतिदिन पर बीस दिन मजदूरी की थी लेकिन ढाबा मालिक सोनू ने उसे केवल चार सौ रुपए देकर चलता कर दिया ओर बाकी मजदूरी कई बार मगांने पर नही दी जिसके चलते उसका परिवार भुखमरी की कगार पर है।एसीपी ने मजदूर की शिकायत को गम्भीरता से लेते तत्काल ढाबा मालिक को मौके पर बुलाकर फटकार लगाते हुये बकाया मजदूरी देने के निर्देश दिये,जिसके बाद ढाबा मालिक ने मौके पर ही मजदूर को उसकी मजदूरी के बकाया 3600रुपए दिये।मजदूरी का बकाया पैसा मिलते ही मजदूर भल्लर की खुशी का ठिकाना नही रहा ओर एसीपी रजनीश वर्मा को धन्यवाद देकर खुशी खुशी अपने घर गया।

### एयरपोर्ट पहुंचे यात्री के लगेज बैग से हजारों रुपए की नगदी चोरी

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। दिल्ली से शनिवार को लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पहुंचे एक यात्री के लगेज बैग से हजारों रुपए की नगदी चोरी हो गई। उसने पुलिस को सूचना देने के साथ ही एयरलाइंस अधिकारियों से भी शिकायत की है। हरियाणा प्रान्त के गुड़गांव निवासी व्यापारी प्रताप सिंह के मुताबिक वह विस्तारा एयरलाइंस के विमान (यूके 641) से शनिवार को दिल्ली से अपराहन करीब 3 बजे लखनऊ पहुंचे।प्रताप का कहना है कि एयरपोर्ट पहुंचने पर जब उन्होंने ट्रॉली बैग लेकर अपना सामान चेक किया तो बैग में रखे 17,500 रुपये गायब मिले। यह देख प्रताप के होश उड़ गए और उन्होंने इसकी शिकायत एयरपोर्ट पर मौजूद संबंधित अधिकारियों से की। लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी और वहीं पर हंगामा करने लगे। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने किसी तरह यात्री को समझा बुझाकर शांत कराया। इसके बाद एयरलाइंस अधिकारियों द्वारा शिकायती फॉर्म देकर ईमेल के जरिए एयरलाइंस मुख्यालय में शिकायत करने की बात कही गई। जिसके आधार पर यात्री प्रताप ने ईमेल के जरिए इसकी शिकायत एयरलाइंस मुख्यालय में की है।

# जिंदगी से खिलवाड़: महिला को लगा दिया एक्सपायर इंजेक्शन, बिगड़ी हालत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। जहां एक तरफ सूबे के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक आम जनता तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का भरकस प्रयास कर रहे हैं। वहीं माल सीएचसी पर तैनात उनके ही फार्मासिस्ट ने महिला को लगाया एक्सपायर इंजेक्शन बिगड़ी हालत परिजनों ने एक निजी अस्पताल में भर्ती करा सीएचसी पर पहुंचकर काटा हंगामा।

माल थाना क्षेत्र के विद्धि श्यामा निवासी राजू की पत्नी सुधरा को कई दिन पहले खेतों पर जाते समय वहीं पड़ा पुराना तार पैर में लग गया था जिससे उसके पैर में इंफेक्शन फैलने लगा था। जिसकी दवा लेने के लिए वह शुक्रवार को माल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गई थी। जहां पर तैनात



महिला को लगा एक्सपायर इंजेक्शन, किसान यूनियन ने जताया विरोध

फार्मासिस्ट अजय मिश्रा ने महिला को एक्सपायर इंजेक्शन व अन्य दवाएं दी जैसे ही महिला को एक्सपायर इंजेक्शन लगा वैसे ही कुछ ही समय बाद महिला की हालत बिगड़ने लगी यह देख परिजनों ने तुरंत आनन फानन में उसे एक नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के बाद महिला की जान बच सकी। महिला के परिजनों ने इसकी जानकारी किसान यूनियन की दी। शनिवार को भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह चौहान अपने संगठन के लोगों के साथ माल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच सीएचसी अधीक्षक से फार्मासिस्ट की शिकायत की और फार्मासिस्ट को फटकार लगाते हुए हुए कहा की अच्छा भला मरीज को मौत के मुंह में धकेलना का काम करते हो अगर उसको कुछ हो जाता तो इसका जिम्मेदार कौन होता। और किसान यूनियन कार्यकताओं ने फार्मासिस्ट के खिलाफ विरोध जताते हुए कहा कि ऐसे लापरवाह फार्मासिस्ट के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए जिसपर सीएचसी अधीक्षक संदीप सिंह ने जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिया। तब जाकर माने किसान यूनियन के संगठन के लोग।

# कार सवार बदमाशों ने 14 वर्षीया किशोरी को अगवा कर, ब्लेड से किया हमला

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।सरोजनीनगर में 4 दिन पहले तीन युवक और एक महिला ने एक 14 वर्षीया किशोरी को मारपीट कर उसके घर के कुछ दूर से कार में अगवा कर लिया। करीब 24 घंटे तक अपने साथ रखे रहे। अगले दिन शाम को किसी तरह उनसे बचकर घर पहुंची किशोरी ने परिजनों को आपबीती बताई तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी का चिकित्सीय परीक्षण कराया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की तलाश कर रही है। फिलहाल किशोरी का लोक बंधु अस्पताल में इलाज जारी है।सरोजनीनगर इलाके में रहने वाले ट्रक टैंकर चालक की पत्नी के मुताबिक उसकी 14 वर्षीय बेटी बीती 18 सितंबर को शाम करीब 6:30 बजे घर से कुछ दूर शिव मंदिर में पूजा करने गई थी। तभी मंदिर के पीछे पहले से मौजूद एक युवक ने उसे देखकर अपने बाइक सवार दो साथियों को बुला लिया। इस दौरान किशोरी मंदिर से पूजा करके जैसे ही अपने घर को चली तभी तीनों ने उसकी पिटाई कर दी। इसी बीच बिना नंबर की कार से पहुंची एक महिला ने किशोरी को अपनी कार में जबरन बिठा लिया और सभी वहां से फरार हो गए। अगले दिन 19 सितंबर की शाम घर पहुंची किशोरी ने बताया कि सभी आरोपियों ने पीड़िता पर ब्लेड से हमला कर दिया।जिससे उसके हाथ और कई अन्य जगहों पर घाव के निशान बन गए। बाद में आरोपियों ने उसे एक अस्पताल में रखकर इलाज कराया। इसके बाद वह किशोरी को कार में लेकर घूमते रहे।अगले दिन युवक नादरगंज के पास कार रोक कर पेशाब करने लगे।इसी बीच मौका पाकर युवती कार से उतर कर भाग निकली। पीड़िता ने घर पहुंच कर इसकी जानकारी परिजनों को दी तो उन्होंने सरोजनीनगर पुलिस को घटना से अवगत कराया।हालाकि इस मामले में किशोरी की की मां ने 19 सितंबर की शाम करीब 4 बजे आरोपियों द्वारा टेंपो में बिठाकर पीड़िता को उसके घर से कुछ दूर स्थित चौराहे पर छोड़कर भाग जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी को सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे लोक बंधु हॉस्पिटल रेफर कर दिया। फिलहाल लोक बंधु अस्पताल में उसका इलाज जारी है। वहीं पीड़ित परिजनों का कहना है कि उसे अगवा करने वाले लोगों ने किशोरी को कुछ नशीला पदार्थ खिला दिया। जिसकी वजह से उसकी हालत खराब है और वह अभी भी सही से कुछ नहीं बता पा रही है। सरोजनीनगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति का कहना है कि मामला संदिग्ध लग रहा है। लेकिन रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है और सीसीटीवी फुटेज के सहारे मामले की जांच की जा रही है।

# हिंसक जानवर की दस्तक से ग्रामीण दहशत में टीम ने चलाया सर्च अभियान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मनकौटी में बीते शुक्रवार को इदरीश के आम के बाग में वहीं के निवासी विकास मौर्य ने एक हिंसक जंगली जानवर का वीडियो मोबाइल फोन में कैद कर उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया था। वन विभाग की टीम ने वीडियो का संज्ञान लिया और मौके पर पहुंचकर सर्च अभियान चलाया। इस दौरान मलिहाबाद वन रेंजर आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि यह तेंदुआ नहीं फिशिंग कैट प्रजाति का जंगली बिल्ला है।यह मांसाहारी होने के बावजूद आक्रामक नहीं होते हैं। वन्य जीवन मे रहकर यह खरगोश जैसे छोटे छोटे पशुओं का शिकार कर पेट भरते है। जब तक इन्हें किसी प्रकार से छेड़ा न जाए तब तक यह जानवर किसी पर हमला नहीं करता है।साथ ही ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी।

बाग में दिखें जंगली जानवर की खबर से किसान और आसपास के



बागों में सर्च अभियान चलाती वन विभाग टीम – फोटो

ग्रामीण दहशत में आ गए हैं. वीडियो में एक हिंसक जंगली जानवर बागों में जाता दिखाई दे रहा है, वीडियो देखकर लोग चर्चा करने के साथ ही भयभीत हैं। इस वीडियो के वायरल होने से आसपास के क्षेत्र के लोगों में भय व्याप्त है।शनिवार को लोग खेतों बागों की ओर जाने से कतरा रहे है। वहीं वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच सर्च अभियान शुरू किया।वन विभाग के अधिकारी वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच कर रहे हैं। वन विभाग की टीम ने मौके का निरीक्षण किया और इस समय बागों में घास अधिक होने के कारण नहीं मिले पद चिन्ह. टीम ने ग्रामीणों से अपील कि अकेले खेतों बागों पर जाने से बचें और समूह बनाकर ही खेतों पर जाएं। इलाके में जंगली जानवर होने की सूचना पर क्षेत्र में लगातार कॉबिंग की जा रही है, साथ ही ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी। अगर किसी को भी कोई जानकारी मिलती है तो स्थानीय पुलिस या वन विभाग को तत्काल इसकी सूचना दें।

## झूला झूल रहे किशोर के रस्सी का फंदा लगने से मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।घर में रस्सी से पड़े झूले में झूला झूल रहे किशोर के गले में अचानक रस्सी का फंदा फंसने से उसकी मौत हो गई।परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। माल थाना क्षेत्र के ग्राम नवीपनाह निवासी मुशीर का 15 वर्षीय पुत्र निहाल शनिवार दोपहर को घर में छत में बने हुक में रस्सी से पड़े झूले में झूला झूल रहा था तभी अचानक किशोर के गले में रस्सी का फंदा फंस गया जिससे उसकी मौत हो गई, घरेलू काम काज करके मां बरामदे की तरफ लौटी तो देखा कि बेटा निहाल रस्सी के फंदे पर झूल रहा है. यह देख उसके होश उड़ गए निहाल की मौत की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मृतक के परिवार के सभी लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में माल थाना प्रभारी निरीक्षक विनय चतुर्वेदी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

# हिंदू संगठन ने सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का किया आयोजन

### हिन्दुओं की एका को हर गांव में करें हनुमान चालीसा पाठ: सूर्यभान शांडिल्य

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।रहीमाबाद क्षेत्र के ग्राम तरौना में स्थित हनुमान मंदिर परिसर में शनिवार को हिंदू संगठन ने हनुमान चालीसा सामूहिक पाठ का किया आयोजन जिसमें बड़ी तादाद में हिंदू भक्त उपस्थित हुए। इस दौरान हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक सूर्यभान शांडिल्य ने कहा की हिंदू समाज के लोग हनुमान चालीसा केंद्र सभी गांवों में चलाने का आह्वान किया।

हिंदू जागरण मंच जिला सहसंयोजक संतोष सिंह ने कहा की सनातन धर्म का ध्वज पूरे विश्व में लहरा रहा है और हिंदू समाज के लोगों को जागरूक करने के लिए आगे प्रत्येक प्रखंड स्तर पर हनुमान चालीसा का पाठ और समितियों के माध्यम से समय-समय पर धार्मिक आयोजन भी किए रहे हैं जिसमें हिंदू समाज के लोग बड़ी संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम की



हनुमान चालीसा का पाठ करते, संगठन के लोग

शोभा बढ़ा रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद जिला कार्यध्यक्ष भूपेंद्र अर्कवंशी ने कहा की विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल सदैव हिंदू समाज की सेवा का कार्य करता आ रहा है और आगे भी करता रहेगा साथ ही हिंदुओ को जागरुक करते हुए कहा कि हिंदू समाज के लोग अपनी संस्कृति को आने वाली पीढियां को बताए जिससे बच्चे बड़े होकर अपने धर्म के प्रति लोगों को जागरूक करें।

### जय श्री राम के लगे नारे

वहां उपस्थित हनुमान जी के भक्तों ने भगवान की आराधना की हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ के लिए गांव को ध्वज पताकाओं से सजाया गया। इस भव्य समारोह में भक्तों में खासतौर पर युवाओं में काफी उत्साह देखने को मिला। जय श्री राम के साथ भारत माता की जय के नारे भी सुनने को मिले।इससे लोगों में देशभक्ति का भी प्रेम साफ दिख रहा था।इस मौके पर गोपेश्वर गौशाला प्रबंधक उमाकांत गुप्ता, धर्मेंद्र सिंह, समर्थ सिंह, प्रमोद कुमार, अक्षत तिवारी, अर्पित सोनी, सुनील कुमार, सत्येंद्र सिंह, शुभम गुप्ता सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे

## सड़क दुघर्टना में दो की मौत

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज लखनऊ, मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत शनिवार के दिन भसंडा गाँव के पास बनी बंथरा रोड पर ट्रक और मोटरसाइकिल में भीषण टक्कर हो गई। हादसे में घायलों को आनन फानन में पुलिस ने एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। एसीपी रजनीश वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि भसंडा गाँव के पास बनी बंथरा रोड पर एक ट्रक और एक मोटरसाइकिल में भीषण टक्कर हो गई यह घटना शनिवार कि शाम करीब पांच बजे के आसपास की है, इस दुर्घटना में परवर पूरब निवासी करण पुत्र मैकूलाल रावत, और परवर पूरब निवासी इंद्र कुमार पुत्र रामनरेश रावत व परवर पूरब निवासी संदीप पुत्र शिवचरण रावत एक अपाचे बाइक पर सवार थे, सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनो को एम्बुलेंस से सीएचसी मोहनलालगंज लाया गया जहाँ पर डॉक्टर ने दो को मृतक घोषित कर दिया वही एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है जिसको बेहतर ईलाज के लिए ट्रामा रेफर कर दिया गया। ट्रक पुलिस के कब्जे में है ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

# पैशन को प्रोफेशन में बदलकर कमाई का जरिया बनायें : डॉ. हीरा लाल

### इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में नव प्रवेशित छात्रों का इंडक्शन प्रोग्राम

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, लखनऊ में चल रहे नव प्रवेशित छात्रों हेतु इंडक्शन प्रोग्राम के तहत ₹युवा पेशेवरों के लिए बहुआयामी व्यक्तित्व विकास₹ विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक प्रो. विनीत कंसल ने बताया कि नव प्रवेशित छात्रों के लिए आयोजित इस इंडक्शन प्रोग्राम का उद्देश्य छात्रों को व्यक्तित्व विकास के विभिन्न पहलुओं और इनके पेशेवर जीवन में महत्व के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश के आईएएस अधिकारी डॉ. हीरा लाल ने छात्रों से शुरूआत में ही किसी भी कार्यक्रम में जाने से पहले



पूर्ण तैयारी के साथ जाने का सुझाव दिया। इस कार्यक्रम में डॉ. लाल ने छात्रों को थ्री इन वन वाला व्यक्तित्व बनाने को कहा जिसमें बताया कि पहला कम्युनिकेशन स्किल बहुत अच्छा होना चाहिए, दूसरा अच्छी पढ़ाई करके अच्छे नंबरों वाली डिग्री और तीसरा अपने पैशन को प्रोफेशन में बदल कर कमाई का माध्यम बनायें। इसके साथ सामाजिक पूँजी बढ़ाने पर जोर दिया, सामाजिक पूँजी बढ़ाने के लिए डॉ० लाल ने छात्रों को एक दूसरे की मदद की आदत पैदा करने की सलाह भी दी तथा विभिन्न उदाहरणों से छात्रों को प्रेरित भी किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों के जीवन में समग्र विकास के लिए प्रेरित किया और उन्हें अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए व्यावहारिक सुझाव प्रदान किए। इस कार्यक्रम में छात्रों ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया तथा छात्रों ने कार्यक्रम के दौरान कई प्रश्न भी पूछे। इस कार्यक्रम में आई ई टी लखनऊ और राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बस्ती से लगभग 700 छात्रों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्थान के डीन एकेडेमिक्स प्रो संजय श्रीवास्तव के स्वागत भाषण से हुआ। कार्यक्रम का सफल सञ्चालन और आयोजन डॉ. एस.एन. मिश्रा, डॉ राम चंद्र सिंह चौहान, डॉ प्रगति शुक्ला, डॉ अनुराग वर्मा, संदीप कुमार और छात्रों की टीम द्वारा किया गया।

# सर्किल रेट न बढ़ने से नाराज किसान, करेंगे प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज लखनऊ, राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा कि किसानों के सर्किल रेट बढ़ाने के लिए एक वर्ष पूर्व मांग हुई थी परंतु अब तक मांग पूरी न होने से किसानों में रोष व्याप्त है। मोहनलालगंज तहसील पहुंचे राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रताप बहादुर ,जिला अध्यक्ष अधिवक्ता प्रमोद कुमार ने उपजिलाधिकारी बृजेश कुमार वर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि सर्किल रेट बढ़ने के लिए पिछले वर्ष 20 अगस्त 23 को 45 दिनों तक खुजौली चौराहे पर किसानों ने धरना प्रदर्शन किया था जिसके संबंध में उपजिलाधिकारी ने राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन और प्रधानों को



बुलाकर वार्ता की थी जिसमें 6 महीने में सर्वे कराकर सर्किट रेट बढ़ाने का आश्वासन दिया था परंतु अब तक किसानो की भूमिका न तो सर्वे हुआ है और न ही भूमि का रेट बढ़ाया गया है एक वर्ष बीतने के बाद भी कोई कार्यवाही न होने से विवश होकर किसानों ने फिर से 30 सितंबर को तहसील परिसर मोहनलालगंज में धरना प्रदर्शन करेंगे यदि किसानों के प्रतिनिधि मंडल से सक्षम अधिकारी से वार्ता पंचायत में बुलाकर नहीं कराई गई तो मुख्यमंत्री आवास की कूच करने के लिए किसान बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# चौदह बीघा आठ बिस्वा जमीन फर्जी प्रपत्रो के सहारे हुयी वरासत, एसडीएम ने दिये जांच के आदेश

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज तहसील में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी बृजेश कुमार वर्मा व सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा ने सभी विभागो के अधिकारियो की मौजूदगी में फरियादियो की शिकायतें सुनकर निस्तारण के निर्देश दिये।मोहनलालगंज तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी बृजेश कुमार वर्मा को शिकायती पत्र देते हुये अमर सिंह निवासी ग्राम घुसकर समेत ग्रामीणो बताया उनके गांव में स्थित गांटा स०-211,208,209,210 की लगभग 14बीघे 8बिस्वा जमीन जिसकी मौजूद कीमत सात करोड़ रुपये के आसपास है, उक्त भूमि को चार दशक पहले एक परिवार ने कानपुर के मुन्ने गंगा बिठूर कानपुर को दान कर दी थी, मुन्ने के नाम दान की गयी जमीन का कोई वारिस ना होने पर पूरी जमीन ग्राम समाज में दर्ज हो गयी थी।लेकिन करोड़ो की भूमि पर नजर गड़ाये क्षेत्रीय भूमाफियो ने तहसील अफसरो व राजस्वकर्मियो से सांठ गांठ कर फर्जी तरीके से मुन्ने गंगा बिठूर कानपुर के नाम दान की गयी जमीन को कानपुर के शिवशंकर को फर्जी तरीके से प्रपत्रो में हेरफेर कर मुन्ने दिखाकर वरासत करा दी थी कुछ दिन बाद शिवंशकर की मौत होने पर उक्त करोड़ो की भूमि प्रदीप दीक्षित, प्रीति, पार्वती, कंचन, अभिषेक, राजू दीक्षित के नाम नायब तहसीलदार गोसाईगंज की न्यायालय में वाद डालकर वरासत कराने के बाद उक्त भूमि को भूमाफिया ने अपने रिश्तेदार शानू निवासी शिवनगर मड़ियावा व विवेक सिंह निवासी गोडा व गुलाबचंद निवासी सलेमपुर के नाम 19सितम्बर को सब रजिस्टार आफिस में रजिस्टार एग्रीमेंट कर लिया गया।ग्रामीणो ने करोड़ो की जमीन को फर्जी लोगो के नाम वरासत कराने में हल्का लेखपाल समेत तत्कालीन नायाब तहसील के सलिप्त होने का आरोप लगाते हुये करोड़ो की जमीन फजीर्वाड़े में शामिल लोगो पर मुकदमा दर्ज कराकर कड़ी कार्यवाही कराये जाने की मांग की है।एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा ने शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये नायाब तहसीलदार अनुपम वर्मा को जांच कर तत्काल फर्जी वरासत निरस्त कराकर जमीन को ग्राम समाज में दर्ज कराने के निर्देश दिये।

# गौरा साधन सहकारी समिति के निर्विरोध अध्यक्ष बने आशीष सिंह



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज के गौरा साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष पद के लिये शुक्रवार को हुये चुनाव में आशीष सिंह निवासी हुलासखेड़ा को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया।ज्ञात हो साधन सहकारी समिति गौरा के अध्यक्ष शिशेन्द्र सिंह के मृत्यु के बाद पद रिक्त चल रहा था, शुक्रवार को साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष पद के चुनाव में आशीष सिंह के नामांकन के बाद किसी अन्य ने पर्चा नही दाखिल किया था।जिसके बाद आशीष सिंह को निर्विरोध अध्यक्ष चुना लिया गया।साधन सहकारी समिति लखनऊ के डायरेक्टर देशपाल सिंह, देवेन्द्र बहादुर सिंह, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष सुधांशू सिंह सहित समिति के सदस्यो ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष आशीष सिंह को फूल माला पहनाकर जीत की बंधाई दी।

# डीसीएम ने बाइक में मारी टक्कर, दो दोस्तो की मौत

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।बिजनौर थाना क्षेत्र के परवर पूरब गांव निवासी करन(22वर्ष) शनिवार को अपने दो दोस्तो संदीप(21वर्ष) व इन्द्रकुमार(23वर्ष) के साथ बाइक से मोहनलालगंज के बहादुरखेड़ा में स्थित अपने सुअर बाड़ा जा रहे थे तीनो बाइक से जैसे ही जगलीखेड़ा तिराहे पर पहुंचकर अचानक से बनी मार्ग की तरफ मुड़े तभी मोहनलालगंज की तरफ से बनी जा रही तेज रफ्तार डीसीएम ने बाइक में सामने से जोरदार टक्कर मार दी,टक्कर लगते हुये बाइक समेत तीनो दोस्तो डीसीएम के अगले हिस्से में फंसकर 50मीटर तक घसीटते हुये चले गये ओर गम्भीर रूप से घायल हो गये।दुर्घटना के बाद डीसीएम को मौके पर छोड़कर भाग निकला।सूचना के बाद एसीपी रजनीश वर्मा व इंस्पेक्टर आलोक राव




ने पुलिस फोर्स के साथ गम्भीर रूप से घायल संदीप,करन व इन्द्रकुमार को सीएचसी पहुंचाया,जहां इमरजेंसी में मौजूद डाक्टर ने संदीप को मृत घोषित कर दिया ओर करन व इन्द्रकुमार की हालत गम्भीर देख प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा टू रेफर कर दिया,जिसके बाद परिजन दोनो घायलो को एम्बुलेंस की मदद से ट्रामा टू लेकर गये,जहां पर डाक्टर ने करन को मृत घोषित कर दिया? ।वही गम्भीर रूप से घायल इन्द्र कुमार को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।सूचना के बाद मृतको के परिजन मौके पर पहुंचे तो कोहराम मच गया। ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया दुर्घटना करने वाली डीसीएम को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी गयी है।परिजनो की तहरीर पर दुर्घटना करने वाली डीसीएम व अज्ञात चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर मृतक संदीप व करन के शवो का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

## संक्षेप

### सम्पूर्ण समाधान दिवस का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। सम्पूर्ण समाधान तहसील दिवस में एसडीएम, तहसीलदार ने फरियादियों की फरियाद सुन 81 मामलो में 24 का निस्तारण किया गया। तहसील मुख्यालय के सभागार में आयोजित संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी उदित नारायण सेंगर व तहसीलदार साक्षी राय ने 81 मामलो में 24 मामले का निस्तारण किया गया। इसी दौरान अकोहरी गांव के रामपाल ने बताया बृद्धावस्था पेशन योजना का लाभ मिल रहा था लेकिन मार्च 2023 से पेंशन बंद हो गयी है। इस दौरान संबंधित अधिकारी, कर्मचारी गण मौजूद रहे।

### निमार्णाधीन घर से सबमर्सिबल का मोटर हुआ चोरी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। औरास थाने से चन्द कदमों की दूरी पर नव निर्मित घर से अज्ञात चोरों ने सबमर्सिबल का पंप चोरी कर लिया पीड़ित ने औरास पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गौरिया कला निवासी आकाश कनौजिया पुत्र नन्हे लाल कनौजिया ने कस्बा औरास के संडीला चकलवंशी मार्ग पर निर्माणधीन प्लाट पर निर्माण कार्य चल रहा है। जहां पर पानी आदि के लिए सबमर्सिबल पंप लगवाया गया था जिसको अज्ञात चोरो ने बीती रात्रि को पार कर दिया सुबह जब ग्रह स्वामी पहुंचा तो देखा कि पानी का पम्प नहीं है। इधर उधर काफी ढूंढने के बावजूद भी कोई सुराग नहीं लग सका तो पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों पर कार्रवाई की मांग किया हैउपरोक्त घटना के संबंध में थाना प्रभारी अश्वनी मिश्र से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि तहरीर पर जांच किया जा रही है।

### जहरीले कीड़े के काटने से बच्चे की मौत, मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार

नवाबगंज, उन्नाव। क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जैतीपुर के मजरा सेमरा में मुकेश पुत्र पुत्ती लाल के पुत्र सागर को शाम को जहरीले कीड़े ने काट लिया तो परिजनों की मदत से नवाबगंज सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां पहुंचने से पहले सागर की मौत हो गई थी मुकेश पुत्र पुत्ती लाल के पुत्र सागर जो कक्षा 4 मे जनक दुलारी अरविन्द बाल विकास विद्यालय जैतिपुर में पढ़ता था जिसकी उम्र लगभग 11 वर्ष थी और एक लड़की है जिसका नाम शगुन जिसकी उम्र लगभग पांच वर्ष है पत्नी का नाम रामदुलारी है मुकेश बेहद गरीब और झोपड़ी में रहता है घर में बिजली न होने के कारण बैट्री से काम चलाता है पुत्र सागर पढ़ने के लिए अपनी झोपड़ी में बैट्री ही लगा रहा था की जहरीले कीड़े ने काट लिया जब तक उसका इलाज होता तब तक उनकी मौत हो गई इस घटना से पूरे गांव में मातम छा गया परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है।

# राहुल और अखिलेश देश को जातियों में बांटकर लोगों में वैमनस्यता फैला रहे: प्रदेश अध्यक्ष भाजपा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। राहुल और अखिलेश सहित पूरा विपक्ष देश को जातियों में बांटकर लोगों में वैमनस्यता फैला रहे जबकि उ०प्र० की भाजपा सरकार योगी जी के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास पर सबको साथ लेकर विकास के रस्ते पर आगे बढ़ रही आज उत्तर प्रदेश देश में महाराष्ट्र के बाद सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया जो पहले बीमारू प्रदेश था। प्रधानमंत्री के 2 सितंबर को अपनी सदस्यता का नवीनीकरण कर सदस्यता अभियान शुरू किया है पहले चरण में बूथों पर घर घर जाकर सदस्यता करवानी है यह चरण 25 सितंबर तक चलेगा अभी तक देश में 4 करोड़ ऑनलाइन सदस्यता हुई है यह हमारे लिए हर्ष का विषय है मुझे कहते हुए प्रसन्नता हो रही है कि उत्तर प्रदेश में 1 करोड़ से अधिक सदस्य बन गए हैं अगले चरण में 1 से 15 अक्टूबर हम सामूहिक सदस्यता करवाएंगे फिर सक्रिय सदस्यता होगी और फिर हम अपने संगठन का चुनाव कराएंगे बूथ अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष जिलाध्यक्ष बनेंगे बहुत तेजी से बूथ समिति जिला समिति प्रदेश और देश का चुनाव होगा राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का चुनाव होगा। भाजपा का गठन पूर्ण लोकतांत्रिक रूप से होता है। सेवा और रचनात्मक कार्यों में भी हमारी सहभागिता रहती है इसीलिए प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रमों के अंतर्गत हमने स्वच्छता से शुरू कर रक्तदान, किया आगे निःशुल्क स्वास्थ्य परिक्षण शिविर वृक्षारोपण विचार गोष्ठी, वृहद स्वच्छता, गांधी जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ उनको श्रद्धांजलि आदि के साथ उनके स्वदेशी के विचार को आगे बढ़ाने के लिए सभी भाजपा कार्यकर्ता खादी खरीदकर लोगों को प्रेरित करेंगे। समीक्षात्मक बैठक में उन्होंने कार्यकताओं से कहा हर वर्ग में घर घर जाकर मोदी और योगी जी के कार्यों को बताकर भाजपा का सदस्य बनने का आग्रह करें। उन्होंने नवाबगंज में सदस्य बनाते हुए कहा सभी लोग राष्ट्र उत्थान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए देश के एकमात्र राष्ट्रवादी विचारधारा वाले दल भाजपा परिवार का सदस्य बने। समीक्षात्मक बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा यह हमारे लिए गर्व का विषय है की हम प्रदेश में पांचवें स्थान पर है लेकिन उन्नाव चुनाव से लेकर सभी अभियानों में प्रथम स्थान पर रहा है सदस्यता अभियान में भी प्रथम स्थान पर रहे। राष्ट्र सेवा एवं जनकल्याण के लिए समर्पित विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान -2024 के अंतर्गत अपने प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने आज जनपद उन्नाव के प्रवास के दौरान विधानसभा मोहान अंतर्गत विकास खंड नवाबगंज में घर-घर और जन-जन से भेंटकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। इस कार्यक्रम के उपरांत उन्होंने नवबगंज पक्षी विहार में भाजपा संगठन महापर्व -सदस्यता अभियान 2024 के निमित्त मोहान एवं सफीपुर विधानसभा के माननीय जनप्रतिनिधि- गण एवं वरिष्ठ कार्यकताओं की बैठक को सम्बोधित किया। भाजपा कार्यालय उन्नाव पहुंचकर मॉनिटरिंग टीम के साथ बैठकर उनके कार्यों की समीक्षा की बूथों से आ रही रिपोटिंग पर सभी सदस्यों से बात की। इसके उपरांत मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला पदाधिकारियों जनप्रतिनिधियों को सदस्यता अभियान की समीक्षात्मक बैठक में संबोधित किया। अपने कार्यक्रम के क्रम में पुरवा विधानसभा के कालूखेड़ा में सदस्यता अभियान के कार्यक्रम को भी संबोधित किया। जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक का संचालन अभियान प्रमुख प्रवीण सिंह नूतन ने किया। प्रदेश मंत्री जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा भी बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद अवस्थी प्रभान शंकर दीक्षित जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह विधायक श्रीकांत कटियार बृजेश रावत बंबा लाल दिवाकर आशुतोष शुक्ला अनिल सिंह, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह सदस्यता टोली में जिला महामंत्री प्रवीण सिंह नूतन जिला उपाध्यक्ष अनुराग अवस्थी महेश चंद्र दीक्षित कृष्ण कुमार वर्मा जिला मंत्री सविता रावत जिला महामंत्री बिपिन मिश्रा आशीष बाजपेई अटल नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता मिश्रा, कौमुदी पाण्डेय राम जी मॉनिटरिंग टीम प्रमुख मनीष सदस्य गण जायसवाल गुप्ता ब्लॉक प्रमुख गण नगर पंचायत अध्यक्ष गण जिला पदाधिकारी गण आदि उपस्थित रहे।

### गंगा में डूबे युवक का गोताखोरों ने निकाला शव

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। बाढ़ देखने गया युवक तेज बहाव में बहा दूसरे दिन मिला शवक्षेत्र के गांव जाजामऊ गैर एहतमाली निवासी चंद्रकुमार का 22 वर्षीय पुत्र गोपाल शुक्रवार को घर से बाढ़ का पानी देखने के लिए निकला था चिरंजीवपुरवा सहरिया सलेमपुर संपर्क मार्ग पर पुलिया के पास अचानक वह पानी के तेज बाहव में बह गया सूचना पर पहुंचे स्वजन ने पुलिस और राजस्व टीम को सूचना दी लेखपाल दीपक गौड़ और प्रधान रोशन ने स्थानीय गोताखोरों को बुलाकर युवक की खोजबीन कराई लेकिन युवक का कोई भी पता नहीं चल सका ग्रामीणों ने बताया कि युवक मंद बुद्धि का था वहीं गोपाल के डूब जाने के कारण परिजनो का रो रो कर बुरा हाल थाआज शनिवार सुबह करीब 8 बजे पानी में तैरता हुआ गोपाल का शव मिला शव मिलते ही परिजनो का रो रो कर बुरा हाल था सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर डॉक्टरी परिक्षण के जिला चिकित्सालय भेज दिया।

## पुलिस ने दो शातिर लुटेरे किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार लूट के 10,000 रुपये व एक तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 खोखा कारतूस बरामद किया गया। थाना बिहार के ग्राम केसवला मजरा दुबई निवासी राजकुमार पुत्र रामनाथ लोधी द्वारा थाना बिहार पर सूचना देकर बताया गया कि उसकी कस्बा पाटन में बीज की दुकान है। वहीं से बाइक से घर वापस जा रहा था, तभी रास्तें में ग्राम चाकपुर के पास दो बाइक पर सवार चार अज्ञात लोगों नें मेरा बैग छीन लिया, जिसमें बिक्री के 25,000/- रु0 थे। सूचना पर थाना बिहार पुलिस द्वारा तत्काल दो आरोपियों को मय घटना में प्रयुक्त बाइक के साथ हिरासत में लिया गया, तथा घटना में शामिल दो अन्य अभियुक्त भागने में सफल रहे। पकड़े गये अभियुक्तो की पहचान प्रदीप पुत्र मंगल लोधी उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम बेहटा कला थाना लालगंज जनपद रायबरेली व सूरज पुत्र कल्लू उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम दइता मजरा परसंदा थाना बिहार जनपद उन्नाव के रूप में हुई। घटना उपरोक्त के सन्दर्भ में थाना बिहार पर मु0अ0स0 222/24 धारा 309(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया था तथा पुलिस द्वारा बरामदगी हेतु दोनो अभियुक्तों को ले जाया जा रहा था, जहां दोनों अभियुक्तों ने पुलिस टीम पर हमला कर भागने का प्रयास किया। आत्मरक्षार्थ पुलिस मुठभेड़ के दौरान दोनों अभियुक्तों के पैर मे गोली लगी है, जिन्हे उपचार हेतु सीएचसी बीघापुर में भर्ती कराया गया है। अभियुक्तो की निशादेही पर लूट के 10,000/- रु0 व कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक खोखा कारतूस 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किये गये हैं। लूट की घटना में शामिल मौके से फरार दो अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास सहित आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## शिक्षक सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। नई शिक्षा नीति से बच्चों को सीधे रोजगार से जोडा जाएगा। अभी तक मैकाले की शिक्षा पद्धति पूरे भारत मे लागू थी। जिससे बच्चे सीधे रोजगार से नही जुड पाते थे। उक्त उद्गार विधान परिषद सदस्य पवन सिह ने भाजपा के पूर्व शिक्षक विधान परिषद सदस्य प्रत्याशी रहे वेणुरंजन भदौरिया के द्वारा एक रिसार्ट मे आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह मे व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने 37 साल बाद नई शिक्षा नीति लागू कर एक इतिहास रचा हैं। नई शिक्षा नीति से बच्चे सीधे रोजगार से जुड़ेगे। शिक्षक जब मनोभाव से बच्चों को पढाएगा तो वह जरुर सफल होगा। हम लोगों को बच्चों को मोटिवेट करना चाहिए। शिक्षा मे कहीं पर भी दिखावा नही होना चाहिए।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजक ने मुख्य अतिथि एव विशिष्ठ अतिथि को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेट कर सम्मानित किया। एमएलसी पवन सिंह एवं विधायक आशुतोष शुक्ला ने सभी शिक्षकों को सुन्दर काण्ड एवं फटका पहना कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को पूर्व प्रधानाचार्य श्रीराम सिंह, आनन्द मोहन द्विवेदी, नरेंद्र भदौरिया आदि ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम मे आए हुए लोगों के प्रति आभार वेणुरंजन भदौरिया ने व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से अशोक पाण्डेय, वी डी सिंह, रमेश सिंह, हरिनाथ द्विवेदी, दिलीप कुमार सिंह, भगवती सिंह, विश्वनाथ सिंह, डा राघवेन्द्र बाजपेई, राज बख्श सिंह कमल बहादुर सिंह, बैजनाथ सिंह, शुभान्शु सिंह, माधव सिंह, हरीश प्रताप सिंह, कमलेश वर्मा, आनन्द सिंह, विष्णु मोहन सिंह लोग उपस्थित रहें।

## चार दिवसीय प्रशिक्षण का चौथा बैच हुआ प्रारंभ



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम नसिरापुर स्थित निपुण भारत मिशन के अंतर्गत ब्लाक संसाधन केंद्र में आज बुनियादी भाषा एवं गणित पर आधारित चार दिवसीय प्रशिक्षण का चतुर्थ बैच प्रारंभ हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह ने सभी प्रतिभागी शिक्षकों से जोर देकर कहा कि वर्ष के अंतिम माह दिसंबर तक सभी विद्यालय निपुण हो जाना आवश्यक है। चतुर्थ शिविर में एबीएसए सिंह ने कहा कि स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत बनाए रखे। एआरपी छत्रपाल ने स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम के द्वारा बच्चों को पढ़ाई के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया। वहीं एआरपी अखिलेश कनौजिया ने भाषा शिक्षण को मजबूत बनाने पर विस्तृत चर्चा की। एआरपी वंदना पाल ने बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा कक्षा एक व दो में सम्मिलित एनसीईआरटी पुस्तके सारंगी व मृदंग पर शिक्षण प्रक्रिया की जानकारी दी। प्रशिक्षण शिविर में एआरपी अमित पटेल, अखिलेश कनौजिया, वंदन पाल, रमेश चंद्र, छत्रपाल एवं प्रतिभागी शिक्षक प्रेम सागर, रजनीश, जय मंगल, कृष्ण मोहन, दयाराम, कुंवर पाल, अर्चना राजपूत, देवेंद्र प्रताप सिंह, अर्पित सिंह, मंजू सिंह, गीता देवी, उपासना, अविनाश, राकेश कुमार सिया वती, उमा देवी, दिनेश वर्मा, शिखा गुप्ता, शर्मिला यादव, हिमांशी सिंह व अजय कुमार आदि शिक्षकों के अलावा खेमराज सिंह, अजय सिंह, धीरज, श्लोक, मनीष व अल्काफ आदि शिक्षणेत्तर कर्मचारी शामिल हुए।

## बीआरसी में रोपित किया नीम, शिक्षकों ने लहराए ग्रीन एंड क्लीन जनपद के पोस्टर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। एक और एक मिलकर ग्यारहभोते हैं यह कहावत ग्रीन एंड क्लीन उन्नाव के सपने को साकार करती दिखाई दे रही है। हजारों की संख्या में जुड़े शिक्षकों और बच्चों ने गत माह से अब तक बहुतायत में वृक्षारोपण कर उन्हे संरक्षित करने का संकल्प लिया है। विभागीय अधिकारियों के जुड़ने से सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व और शिक्षक प्रदीप वर्मा की मुहिम ने तेजी से रफ्तार पकड़ ली है। आज इसी कड़ी में हसनगंज के बीईओ मनींद्र कुमार और एफएलएन प्रशिक्षुओं ने बीआरसी हसनगंज के प्रांगण में कदंब और चितवन के पौधे तो वहीं सफीपुर में नियुक्त प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष संजीव संखवार ने शिक्षकों के साथ नीम के पौधे रोपित कर उन्नाव को हरा बनाने का संकल्प लिया। शिक्षकों ने बीईओ के साथ पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। बीईओ मनींद्र कुमार ने कहा कि इस मुहिम के साथ जुड़े शिक्षक अपने प्रयासों से परिवर्तन लाने में जुटे हैं, इससे समाज के साथ साथ विद्यालयों की सुंदरता भी बढ़ेगी। प्रत्येक पेड़ वातावरण के लिए लाभकारी होगा जिससे वायु प्रदूषण में भी कमी आना स्वाभाविक है। उन्होंने शिक्षकों से गांवो में भी जागरूकता लाने का संदेश दिया। पौधरोपण के समय उपस्थित शिक्षकों में हसनगंज के अध्यक्ष नितिन शर्मा और सूर्यकांत सिंह के साथ शशांक यादव, देवशरण यादव, अनुराग सिंह यादव, दीपक कुशवाहा, सुरेश कुमार, शैलेंद्र और मोहम्मद इरफान आदि रहे। सफीपुर में बीआरसी प्रांगण में एफएलएन ट्रेनिंग ले रहे शिक्षकों की उपस्थिति में पीएसपीएसए के प्रांतीय उपाध्यक्ष संजीव संखवार ने पूजा खन्ना, कमल दीप कौर, कविता, आंकांक्षा, अर्चना गौतम, सुरेंद्र, नरेंद्र मौर्या, सौरभ वैश्य, शिखा, नीलम, संजू मौर्य, निधि वर्मा, मनोज कुमार, राहुल दीक्षित, रामकुमार, आशुतोष श्रीवास्तव, अमित बीटा के साथ मिलकर नीम के पौधे रोपे। शिक्षक और शिक्षिकाओं ने ग्रीन एंड क्लीन उन्नाव के पोस्टर से सभी को वृक्षारोपण का संदेश दिया। पर्यावरण के क्षेत्र में तीस वर्षों से काम कर रहे ट्री मैन नाम से विख्यात सीनियर सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्र अपूर्व ने साथी शिक्षक प्रदीप वर्मा के साथ सभी शिक्षकों के जुड़ने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने विभिन्न विकासखंडों में बीईओ के साथ आकर वृक्षारोपण के संदेश देने को महत्वपूर्ण बतलाया। प्रदीप ने जानकारी दी की अब तक 140 से अधिक विद्यालयों में ग्रीन एंड क्लीन उन्नाव के तहत वृक्षारोपण हुआ है जिसमें प्रत्येक विद्यालय के 12 बच्चे ग्रीन ब्रिगेड में शामिल होकर जागरूकता का संदेश दे रहे हैं।

## बाढ़ के पानी में डूबने से नवयुवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर के गाँवों में गंगा पानी के कटान व बहाव को लेकर हालात भीभत्स होते चले जा रहे। इसी तेज बहाव में डूब जाने से 18 वर्षीय नवयुवक की मौत हो गयी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमाटर्म हेतु भेज दिया।



तहसील क्षेत्र के मझापुर, दुलीखेड़ा, पसनियाखेड़ा आदि गाँवो में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। उपजिलाधिकारी बीघापुर रनवीर सिंह, तहसीलदार अर्शलानाज, नायब तहसीलदार अशोक शुक्ला लगतार प्रभावित क्षेत्रो में पहुँचकर बाढ़ पीड़ितों से संवाद कर सुरक्षित स्थान पहुँचने की अपील भी कर रहे है। इसी बीच एक दुखद घटना सामने आई जिसने सभी को झकझोर करके रख दिया। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र मलुहाखेड़ा निवासी धर्मवीर पुत्र दिनेश कुमार उम्र लगभग 18 वर्ष शनिवार दोपहर करीब 12 बजे अपने बाबा बुद्धीलाल को खेत मे खाना देने जा रहा था तभी तालाब के भरे पानी मे पैर फिसल जाने से डूब कर मौत हो गयी। नाती के शव को देख बाबा पर आसमान से आफत का पहाड़ टूट पड़ा। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। म्रतक के पिता दिल्ली में रहकर जीवन यापन कर रहे है। म्रतक की माँ पुष्पा देवी व 12 वर्षीय बहन गंगोत्री सहित पूरे परिवार का रो रो कर बुरा हाल है।

## किसान यूनियन के कार्यकर्ताओ ने सीएचसी अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने आज शनिवार को एक 19 सूत्री ज्ञापन यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक को सौंपा। ज्ञापन में सरकारी अस्पताल में व्याप्त भ्रष्टाचार को तीन दिनों के अंदर समाप्त करने और व्यवस्था दुरुस्त न करने पर धरना और प्रदर्शन की चेतावनी दी गई है। किसान यूनियन द्वारा चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर मुकेश कुमार को सौंप गए ज्ञापन में यहां के सरकारी अस्पताल पर अव्यवस्था का आरोप लगाया गया है। कहा गया है कि ओपीडी में चिकित्सकों द्वारा मरीज को बाहर से भारी कमीशन की दवाई लिखी जाती है और जांच हेतु मरीजों को निजी पैथोलॉजी भेजा जाता है। प्रसव केंद्र में दाई और स्वीपर आदि कर्मचारियों द्वारा बख्शीश के नाम पर प्रसूताओं का जमकर आर्थिक शोषण किया जा रहा है। साथ ही महिला चिकित्सक के बगैर अप्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा प्रसव कराए जा रहे हैं। यूनियन का यह भी आरोप है कि फर्जी जनरेटर चलना दर्शाकर सरकारी धन हड़प जा रहा है। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि ज्ञापन में दर्ज समस्याओं का तीन दिनों के अंदर निराकरण न किया गया तो आगामी 25 सितंबर से संगठन के सभी कार्यकर्ता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में अनिश्चितकालीन धरना और प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। ज्ञापन देने में यूनियन के जिला महासचिव चंद्र किशोर रावत, जिला संयोजक केशन पाल, इंद्रपाल, राजपाल व धीरज आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

## बाढ़ ग्रसित ग्रामीण दूसरी जगह अपना अपना बना रहे आशियाना

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। गंगा नदी का जल स्तर कई दिनों से लगातार बढ रहा है। जिससे अब पानी क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों के अधिकांश घरों में पहुंच गया है। जिससे गावो के लोग अपनी गृहस्थी समेट कर सुरक्षित जगह जाने लगे हैं। बाढ़ से ग्रामीणों की तैयार फसल भी बर्बाद हो गई है। प्रभावित गांवों का संपर्क मुख्य मार्ग से टूट गया है। तहसील बांगरमऊ की उपजिलाधिकारी नम्रता सिंह ने बाढ़ प्रभावित गांवों का निरीक्षण कर नाव की संख्या बढ़ाने व राहत सामग्री वितरित करने के निर्देश दिए।

गंगा नदी में लगातार पानी बढ़ते रहने से गंगा तटीय ग्रामों के लोगों की परेशानियां बढ़ती ही जा रही हैं। बांगरमऊ तहसील क्षेत्र के पुराहास, ठकुरिया, फरीदपुर कट्टर, डलन खेड़ा, अचलपुरवा, खैरुद्दीन पुर, अलोलापुर, सेतु वाही, बेरियागाडा, गहरपुरवा, कुंसी, भिखारी पुर, पतासिया, सिंधुपुर बेरियागड़ा, दुबरपुरवा पुरहनिया, जिरिकपुर, डाहन, बलदेवपुरवा, अंटवा, मल्हान पुरवा, कुशाल पुरवा, नया पुरवा, हरिगंज, धन्ना खेड़ा 1, धन्ना खेड़ा 2, लोकाई पुरवा, अहिरन पुरवा, चौगावां, लोकिहा, वादेपुर, दुगार्पुरवा, नेकपुर, खैरागाडा, रुस्तमपुर, जैतपुर, नोनारिया, भिखारपुरवा सहित कई दर्जन गांव गंगा की बाढ़ की चपेट में है। और अब पानी क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों के अधिकांश घरों में पहुंच गया है। जिससे गावो के लोग अपनी गृहस्थी समेट कर सुरक्षित जगह जाने लगे हैं। बाढ़ से ग्रामीणों की तैयार फसलें उर्द, मूंग, मकाई, धान आदि भी बर्बाद हो गई है। खेतों में खड़ी हरी सब्जियों की फैसले नष्ट होने से उनके दांम सातवें आसमान पर पहुंच गए हैं। प्रभावित गांवों का संपर्क मुख्य मार्गो से टूट गया है। बांगरमऊ की उपजिलाधिकारी नम्रता सिंह ने प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ केन्द्रो की स्थापना कराकर प्रभावित लोगों में राहत सामग्री वितरित करने के निर्देश दिए हैं। इसी के साथ ही क्षेत्र के विधायक श्रीकांत कटियार व उपजिलाधिकारी नम्रता सिंह द्वारा ग्राम कटरी गदनपुर आहार एवं अन्य बाढ़ केन्द्रो में पहुंच कर बाढ़ पीड़ितों में आपदा राहत किटों का वितरण किया गया। किसी अनहोनी के भय से बिजली बिभाग के अधिकारीयों नें बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के 39 ग्रामों की विद्युत आपूर्ति बंद कर दी है।

## 74 शिकायत प्रार्थना पत्रों में 6 का मौके पर किया गया निस्तारण

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। उप जिलाधिकारी नम्रता सिंह की अध्यक्षता में आज तहसील के जनसभागार में संपूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) संपन्न हुआ। जिसमें प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों के शीघ्र निस्तारण के लिए उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। तहसील क्षेत्र के ग्राम गोशा प्रयागपुर निवासी कय्यूम पुत्र रऊफ ने संपूर्ण समाधान दिवस में दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा कि बरसात में आरसीसी रोड के नीचे पानी बहान होने के कारण कटान हो गया है जिससे आवा गमन बाधित हो रहा है। कय्यूम पुत्र रऊफ ने वर्षा होने के कारण आरसीसी के कट गए रोड को शीघ्र बनवाने की मांग की है। इसी प्रकार क्षेत्र के ग्राम सुरसेनी निवासी सलीम खां पुत्र खलील खां ने संपूर्ण समाधान दिवस में दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि गाटा संख्या 844 रकबा 0.0480 हे० जो भूमि सरकारी रास्ते में दर्ज है। जिसको गांव के ही कुछ लोगों द्वारा जेसीबी मशीन से आमजन के लिए सरकारी रास्ते को बंद करके अपने रकबे में मिला लिया गया है। जिससे आम जनों को अपने-अपने खेतों पर जाने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व में एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था जिस पर क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा मौके पर जाकर पैमाइश कराकर सरकारी रास्ते पर निशान देही भी करवाई गई थी, तथा उक्त लोगों को 15 दिन का समय दिया था कि उक्त भूमि खाली कर दें इसके बावजूद अभी तक उक्त भूमि को खाली नहीं किया गया है। प्रार्थी ने पुलिस बल की मौजूदगी में सरकारी चक मार्ग को कब्जा मुक्त करने की मांग की है। संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग के 35, पुलिस विभाग के 13, समाज कल्याण विभाग के 5, खाद्य एवं रसद विभाग के 3, चकबंदी विभाग के 10, अन्य विभागों के 8 सहित कुल 74 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।

## ग्राम सभा में चकबन्दी प्रक्रिया के प्रपत्र 5 के वितरण का कार्य शुरू

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। कस्बा गंजमुरादाबाद से सटी जनपद हरदोई के विकासखंड मल्लावां की ग्राम पंचायत गंज जलालाबाद के मजरा देवी पुरवा में स्थित ग्राम पंचायत भवन में पूर्व सूचना के अनुसार कृषकों एवं चकबंदी कमेटी के सदस्यों तथा भूमि प्रबंध सीमित के अध्यक्ष ग्राम प्रधान अभिषेक दीक्षित के मध्य खुली बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से समस्त ग्राम वासियों एवं चकबंदी कमेटी के सदस्यों द्वारा आकार पत्र 5 का वितरण करने के लिए मांग की गई। चकबंदी अधिकारी परमानंद श्रीवास्तव ने आरक्षण के मदों में विवाद का हवाला देते हुए प्रपत्र 5 न वितरण करने की बात कही। जिसपर ग्राम प्रधान एवं भूमि प्रबंध सीमित के अध्यक्ष अभिषेक दीक्षित व सदस्य गणों ने यह प्रस्ताव किया कि जिन आरक्षित मदों पर विवाद है उन पर पुनः विचार करके ग्राम वासियों के हित में संशोधन करने को तैयार हैं। पूर्व बैठक में आरक्षित मद जिन पर आपत्तियां या विवाद है। चकबंदी कमेटी स्वतः उन विवादित गाटों पर किए गए आरक्षण के संसोधन के लिए सहमति जताती है तथा उन मदों के लिए चकबन्दी अधिकारी अन्य गाटो को ग्राम के विकास के लिए आरक्षित करें। फलस्वरूप चकबंदी सी ओ परमानंद श्रीवास्तव ने अपनी सहमति देते हुए पांच कृषकों को प्रपत्र 5 का वितरण कर चकबंदी प्रक्रिया को आगे बढ़ाया है। इस सभा में प्रियम कटियार, योगेश कटियार, महेंद्र कटियार, राजन कटियार, दीपू कटियार, गंगा सागर तिवारी, योगेश कटिया, शशांक दीक्षित, सुधीर बाजपेई, उमेश कुशवाहा, घनश्याम तिवारी, रमाकांत मिश्र, पप्पू पंडित, चांदबाबू, समीर, आरिफ, सद्दाम, इलियास, टोनी हसमत, आमीन, रामकुमार तिवारी, राजू तिवारी, शिवलाल, राजाराम, बुधू, राधेलाल, सोनेलाल, रसूले, संदीप दिवाकर, सुनील कटियार, ओम नरायन मिश्रा, राजेन्द्र त्रिपाठी, अशोक मिश्रा, रमाकांत मिश्रा, कमलेश मिश्रा, शिवम गुप्ता, अभिषेक गुप्ता सहित सैकड़ों कृषकों सहित ग्राम के आम लोग मीटिंग उपस्थित रहे। अंत में कृषकों ने यह भी निर्णय किया कि आज के बाद अब ग्राम पंचायत में चकबन्दी प्रक्रिया प्रपत्र 5 के लिए कोई सार्वजनिक बैठक नही होगी। आवश्यक होने पर तहसील एवं जिला चकबन्दी अधिकारियों से भूमि प्रबंध सीमित के अध्यक्ष एवं सदस्यों के साथ आवश्यकता होने पर बैठक की जाएगी।

## सम्पादकीय

# सौ दिनों में उम्मीदों पर खरी उतरी मोदी-3 सरकार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे हो गए हैं। पहले और दूसरे कार्यकाल से अलग इस बार पीएम मोदी के सामने कई तरह की चुनौनियां भी दिखाई दी। इसके बावजूद सरकार के कार्यकाल को कमतर नहीं आंका जा सकता। 4 जून को जब लोकसभा चुनाव के नतीजे सामने आए तो सवाल उठे कि पूर्ण बहुमत नहीं होने से पीएम मोदी का अंदाज अब वैसा नहीं रहेगा। यह बात बिल्कुल सही थी कि बीजेपी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला और बहुत कुछ सहयोगियों पर निर्भर हो जाता है, लेकिन सरकार ने इन सौ दिनों में बेहतर प्रदर्शन किया। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने, रूस और यूक्रेन जाकर पीएम मोदी ने यह भी बता दिया कि सरकार की विदेश नीति में कोई बदलाव नहीं आया है। सरकार ने इन 100 दिनों में 15 लाख करोड़ रुपये की योजनाएं शुरू की हैं। इन योजनाओं को 14 स्तंभों में बांटा है। इन्फ्रास्ट्रक्चर में 3 लाख करोड़ की परियोजनाएं शुरू कीं। बधावन में मेगा पोर्ट बनेगा। वाराणसी में लाल बहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट, पश्चिम बंगाल में बागडोगरा, बिहार में बिहटा एयरपोर्ट, अगत्ती मिनिकॉय में नई एयर स्ट्रिप बनाकर पर्यटन को बढ़ावा दिया गया है। बेंगलुरु मेट्रो, पुणे मेट्रो, ठाणे इंटीग्रेटेड रिंग मेट्रो और कई मेट्रो प्रोजेक्ट भी लॉन्च किए गए। युवाओं के लिए 2 लाख करोड़ के पीएम पैकेज की घोषणा की गई है। एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के मौके, भत्ते और एकमुश्त सहायता राशि दी जाएगी। केंद्र सरकार ने कई हजार नियुक्तियों का ऐलान किया है। मिडिल क्लास को भी 100 दिनों में कई राहतें दी गई हैं। अब 7 लाख रुपये तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। वन रैंक वन पेंशन का तीसरा वर्जन लागू कर दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 करोड़ घर बनाए जाने हैं। जिनमें 1 करोड़ घर शहरी इलाकों में और 2 करोड़ घर ग्रामीण इलाकों में बनेंगे। तीसरे कार्यकाल में मजबूत होते विपक्ष का दबाव कहीं न कहीं दिखाई भी पड़ रहा है। सरकार को कुछ मौकों पर कदम भी पीछे खींचने पड़े हैं। सरकार के पीछे हटने का पहला मामला अगस्त की शुरुआत में सामने आया, जब वक्फ बोर्ड संशोधन बिल को संयुक्त संसदीय समिति के पास भेज दिया। इसके तुरंत बाद प्रसारण सेवा विधेयक वापस कर लिया। सरकार ने नवंबर 2023 में डिजिटल और अन्य मीडिया के नियमन को कड़ा करने के उद्देश्य से एक मसौदा प्रकाशित किया था। उसके बाद अगस्त के ही महीने में सरकार ने सिविल सेवा के बाहर के लोगों से वरिष्ठ नौकरशाही पदों के लिए आवेदन मांगने वाले एक विज्ञापन को वापस ले लिया। इस विज्ञापन पर भी काफी हंगामा हुआ। विपक्ष की ओर से यह कहा गया कि उसकी ओर से उठाए गए सवाल के बाद सरकार ने अपने कदम पीछे खींच लिए। वहीं, सरकार के सामने जाति जनगणना का मुद्दा है, जिसे विपक्ष लगातार उठा रहा है। सरकार ने जनगणना करवाने का ऐलान तो कर दिया है, लेकिन जाति जनगणना पर अभी रुख साफ नहीं किया है। वैसे इसकी उम्मीद भी नजर नहीं आ रही। इन सौ दिनों में आज देश की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा मजबूत है। इकोनॉमी सभी 14 पैमानों पर खरी उतरी है। इकोनॉमी में रीढ़ दिखाई देती है, लेकिन अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है। सबसे बड़ा मुद्दा तो खेती किसानी को फायदे का सौदा कैसे बनाया जाए, इस पर धन देने की जरूरत है। बेरोजगारी पर भी तत्काल नकेल कसना बहुत जरूरी है। आम आदमी का जीवन स्तर ऊपर उठाने के लिए सरकार ने बहुत प्रयास किए हैं, लेकिन अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है।

# पुस्तक चर्चा...


## तीन श्रेष्ठ कवियों की पत्रकारिता का आकलन

कृपाशंकर चौबे

हिंदी दैनिक अमन लेखनी लखनऊ

हिंदी के तमाम मूर्धन्य संपादक पत्रकारिता के किसी संस्थान या विश्वविद्यालय से प्रशिक्षित नहीं थे। किंतु वे अपने आप में प्रशिक्षण संस्थान थे। वे पूरे के पूरे पाठ्यक्रम थे और वे ही प्रयोगशाला थे। उनके भीतर अपने समाज को देखने और समझने की अचूक दृष्टि थी। इसलिए पत्रकारिता के पश्चिमी सिद्धांतों को रटने से कहीं ज्यादा आवश्यक भारतीय समाज के भीतर पत्रकारिता के स्वाभाविक विकास को समझना है। उसे समझने के लिए संपादकों की कहानी को जानना जरूरी है। उसमें सिद्धांत भी है, तकनीक भी है, उद्देश्य भी है और भविष्य के लिए प्रेरणाएं भी हैं। यह तभी संभव है जब स्वयं कोई मूर्धन्य संपादक यानी भीतर का अनुभवी व्यक्ति अपनी ज्येष्ठ पीढ़ी के मूर्धन्य संपादकों की कहानी बताए। यह मूल्यवान कार्य हिंदी के मूर्धन्य संपादक अच्युतानंद मिश्र ने अपनी सद्यः प्रकाशित पुस्तक तीन श्रेष्ठ कवियों का हिंदी पत्रकारिता में अवदान में किया है। मिश्र जी ने जिन तीन श्रेष्ठ कवियों की पत्रकारिता की प्रामाणिक कहानी इस पुस्तक में लिखी है, वे हैं- सच्चिदानंद हीरानन्द वात्स्यायन अज्ञेय, रघुवीर सहाय और धर्मवीर भारती।

अच्युतानंद मिश्र ने पुस्तक के पहले अध्याय साहित्य के तीन महानायक और पत्रकारिता में लिखा है कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान हिंदी साहित्य और हिंदी पत्रकारिता के बीच विभाजक रेखा अदृश्य थी। प्रस्तुति की शैली और अनुशासन अलग-अलग थे लेकिन दोनों के सामाजिक सरोकार, राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रति निष्ठा और राष्ट्रीयता की दृष्टि समान थी। हिंदी गद्य के निर्माण में पत्रकारिता की महत्त्वपूर्ण भूमिका को सभी ने स्वीकार किया है। साहित्य की प्राचीनता और पत्रकारिता की आधुनिकता के बावजूद हिंदी की सांस्कृतिक विरासत और संपूर्ण शब्द संपदा दोनों की अविभाज्य धरोहर है। पौने दो सौ वर्ष के सहविकास का यह रिश्ता अटूट है। अपने दौर के श्रेष्ठतम साहित्य सर्जकों और संपादकों ने इतिहास के इस शानदार और गौरवपूर्ण अध्याय को साथ-साथ लिखा और जिया है। साहित्य के प्रति पूर्ण सम्मान के साथ ही यह स्वीकार करना पड़ेगा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के युद्ध में लोक प्रतिबद्ध पत्रकारिता ने अपने सर्वस्व की आहुति दी थी। सैकड़ों पत्र-पत्रिकाएं और पत्रकारों ने अपना अस्तित्व दांव पर लगाकर सच लिखने, छापने और बोलने का जोखिम उठाया था।




अज्ञेय, रघुवीर सहाय और धर्मवीर भारती ने साहित्य के साथ हिंदी पत्रकारिता में भी सशक्त और सार्थक हस्तक्षेप किया। तीनों को साहित्य से भरपूर सम्मान और पत्रकारिता से अभूतपूर्व लोकप्रियता मिली थी। तीनों ने अपना-अपना साहित्यिक और पत्रकारीय लेखन लगभग साथ-साथ शुरू किया था। अज्ञेय ने तारसप्तक और प्रतीक के माध्यम से उस दौर के कवियों, लेखकों और पत्रकारों को पहचान दी थी। उनके सहयोगी के रूप में रघुवीर सहाय की प्रतिभा सामने आई थी। रघुवीर सहाय की पत्रकारिता 1947 में लखनऊ के दैनिक नवजीवन के माध्यम से और डॉ. धर्मवीर भारती की पत्रकारिता 1948 में प्रयाग में संगम के माध्यम से शुरू हो चुकी थी।

अच्युतानंद मिश्र लिखते हैं कि अज्ञेय, रघुवीर सहाय और धर्मवीर भारती पर स्वतंत्रता पूर्व के संपादकों की छाप थी। उनमें से कुछेक के साथ तीनों ने काम किया था और कई को नजदीक से काम करते हुए देखा था। साहित्य तीनों का पहला आकर्षण था। साहित्य की तरह ही संपादक के रूप में भी तीनों अपने पाठकों में अलग-अलग पहचान के साथ लोकप्रिय थे। तीनों के बीच लोकतंत्र, समाजवाद, व्यवस्था विरोध और हिंदी की अस्मिता निर्विवाद थी। हिंदी पत्रकारिता की भाषा गढ़ने में तीनों ने अपनी शैली में योगदान किया था। तीनों ने हिंदी के साथ भारतीय साहित्य और भाषाओं को प्रोत्साहित किया था। तीनों का फलक विशाल था। वे साहसी और प्रयोगधर्मी थे। भारतीय मनुष्य और मानवीयता उनके साहित्य और पत्रकारिता के केंद्र में थी। तीनों ने मौलिक लेखन के साथ-साथ अनुवाद के माध्यम से भी हिंदी को समृद्ध किया। तीनों को लेकर साहित्य में जो गुटबंदी या विवाद उछाले गए थे, उसकी छाया उनकी पत्रकारिता पर भी थी। लेखन और संपादन में तीनों अपने कथ्य और शिल्प को लेकर बेहद सजग थे। तीनों ने अपने दौर के चर्चित श्रेष्ठ साहित्यकारों से अपनी पत्रिकाओं में बार-बार लिखवाया और छापा। राजनेताओं से गहरे निजी रिश्तों के बावजूद वे राजनीति में नहीं गए। उनका चिंतन प्रगतिशील और आधुनिक था लेकिन वे मार्क्सवादी नहीं थे। उन पर मानवेन्द्रनाथ राय, राममनोहर लोहिया और जयप्रकाश नारायण की गहरी छाप थी। उनके आदर्श उदात्त थे। बिक्री और विज्ञापन बढ़ाने के लिए पत्रिकाओं को सस्ता बनाने के तीनों खिलाफ थे। उन्होंने अपने लेखकों, सहयोगियों और पाठकों की एक पूरी पीढ़ी को अपने ढंग से गढ़ने का काम किया था।

तीनों का नई पीढ़ी पर अद्भुत प्रभाव था। तीनों अपने पांडित्य से आक्रांत करने के बजाए अपने साहचर्य से एक नई स्फूर्ति देते थे। उस दौर के सैकड़ों लेखकों और हजारों प्रबुद्ध पाठकों को उन्होंने स्वयं पत्र लिखकर लेखन के लिए प्रेरित किया और सम्मान से छापा भी था। तीनों ने हिंदी क्षेत्र में मध्य वर्ग के बेचैन युवाओं को भाषाई स्वाभिमान, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सांस्कृतिक पहचान दिलाने की पहल की थी। तीनों स्वप्नद्रष्टा भी थे और कर्मकठोर भी। तीनों ने बुद्धिजीवियों को उनकी निष्क्रियता तथा अकर्मण्यता पर जमकर लताड़ा है।

अच्युतानंद मिश्र ने तीनों मूर्धन्य संपादकों में समानता का वर्णन किया है तो उनके वैचारिक अंतर्विरोध को भी उजागर किया है। कहते हैं कि तीनों को उनके संचालकों ने प्रताड़ित और अपमानित किया था, लेकिन तीनों ने उसके विरुद्ध आवाज नहीं उठाई। प्रश्न है कि आजीविका के लिए मूल्यों के साथ समझौता किस सीमा तक होना चाहिए? जयप्रकाश नारायण को केंद्र में रखकर लिखी गई धर्मवीर भारती की प्रसिद्ध कविता मुनादी का सबसे पहले धर्मयुग में न छपना जैसे मुद्दों को लेकर आज भी सवाल उठाए जाते हैं।

इस पुस्तक का महत्व इसलिए है कि यहां पहली बार तीन श्रेष्ठ कवियों के पत्रकारीय अवदान को प्रकाश में लाया गया है। कृष्णबिहारी मिश्र ने इसे अनुशीलन का एक और गवाक्ष कहा है। यह भी रेखांकित करनेयोग्य है कि अच्युतानंद मिश्र ने तीनों श्रेष्ठ कवियों की रचनाओं और उनके द्वारा संपादित पत्र-पत्रिकाओं से गुजरकर, उस दौर के साक्षी रहे साहित्य चिंतकों, विद्वानों और पत्रकारिता के सहयोगियों से संवाद कर संपादक के रूप में उनका वस्तुपरक आकलन किया है। प्रामाणिकता इस पुस्तक की सबसे बड़ी पूंजी है।

अज्ञेय ही रहे अज्ञेय, रघुवीर सहाय ने पत्रकारिता को नई ऊर्जा दी, धर्मयुग और धर्मवीर भारती, संवादों और साक्षात्कारों के बीच अज्ञेय, अज्ञेय से त्रिलोकदीप की बातचीत, अज्ञेय से नरेश कौशिक की बातचीत, अज्ञेय से भारतभूषण अग्रवाल की बातचीत और जवाहरलाल कौल से अच्युतानंद मिश्र की बातचीत शीर्षक अध्याय भी पठनीय हैं। उन अध्यायों से पाठकों के सामने सामने एक नया परिप्रेक्ष्य खुलता दिखाई पड़ता है। उनमें विचार की कई बार एक नई कौंध मिलती है। यह विशेषता अच्युतानंद मिश्र की दूसरी पुस्तकों- सरोकारों के दायरे, कुछ सपने, कुछ संस्मरण, पत्रों में समय-संस्कृति, हिंदी के प्रमुख समाचार पत्र और पत्रिकाएं (चार खंड) में भी विद्यमान है।

(समीक्षक महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा में प्रोफेसर हैं)

## चेतना

उमेश चतुर्वेदी



# सांस्कृतिक संकट से मुकाबले की कवायद में वनवासी समाज

भारतीय जनजातीय समाज विकास की आधुनिक अवधारणा के हिसाब से पिछड़ा है, आधुनिक शिक्षा से दूर है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वह चेतन नहीं है और उसकी सोच पिछड़ी है। ज्ञान की आधुनिक अवधारणा के हिसाब से भले ही वह पिछड़ा है, लेकिन ऐसा नहीं कि वह समाज ज्ञानवान नहीं है। प्रकृति, अपनी संस्कृति और अपने परिवेश को लेकर जितना वह समाज सचेत है, शायद ही नागर समाज भी उतना हो। जनजातीय समाज के इन गुणों, विशेषताओं और आधुनिक समाज से उसके तालमेल को बढ़ाने में अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम 72 वर्षों से प्रयासरत है। आश्रम हर तीन वर्षों पर अखिल भारतीय स्तर पर कार्यकर्ता सम्मेलन करा रहा है। इसी कड़ी के तहत इस बार हरियाणा के समालखा में तीन दिनों के लिए जनजातीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हो रहा है, जो 20 से 22 सितंबर तक चलेगा। इस कुंभ में देशभर की सत्तर जनजातियों के करीब दो हजार प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। जिसमें हर इलाके की जनजातीय संस्कृति की झलक होगी। जनजातीय समूह किस तरह अपने जीवनयापन के लिए जल, जंगल और जमीन पर निर्भर है, इस कार्यकर्ता सम्मेलन में इसे भी प्रदर्शित किया जाएगा। जनजातीय समाज किस तरह भारतीय और विशेषकर सनातन पद्धति और परंपरा से जुड़ा हुआ है, उसे हर बार प्रदर्शित किया जाता है। लेकिन वनवासी कल्याण आश्रम का मानना है कि भारत आजकल सांस्कृतिक संकट के दौर से गुजर रहा है।

मौजूदा दौर में सांस्कृतिक स्तर पर आस्था पर लगातार संकट बढ़ रहा है। विशेषकर सनातनी आस्था पर चोट पहुंचाने और उसे दरकाने की कोशिश तेज हो गई है। आस्था की हानि संस्कृति की हानि है और संस्कृति की हानि पहचान की हानि है। इसका मतलब यह है कि आस्थाओं पर चोट पहुंचाकर विदेशी ताकतें भारतीय संस्कृति और पहचान पर चोट पहुंचा रही हैं। यही वजह है कि इस बार जनजातीय समाज के कार्यकर्ता सम्मेलन में इसी संकट को जताने-बताने और भारतीय समाज को इस संदर्भ में सचेत करने की कोशिश की जा रही है। बेशक पूरी दुनिया के हिंदू समाज में हर देवी-देवता के अपने विशेष पूजा-अर्चन विधान हैं। लेकिन यह भी सत्य है कि हर समाज ने इन पूजा विधानों में अपनी परंपरा विकसित कर ली है। हर इलाके में पूजा के लिए स्थानीय जरूरतों और मजबूरियों की वजह से अपने-अपने परिधानों की भी व्यवस्था बना ली है। स्थानीय प्रभाव में पूजा की स्थानीय स्तर पर उपलब्ध प्रसाद सामग्री के चयन का विधान भी है। कुछ इसी तरह देश के हर वनवासी समुदाय की अपनी-अपनी पूजा पद्धति है। एक तरह से ये पद्धतियां देश की बहुरंगी संस्कृति का प्रतीक हैं। समालखा के सम्मेलन के आखिरी दिन शाम को हर वनवासी समुदाय अपनी-अपनी पूजा पद्धतियों से अपने देवी-देवों की पूजा करेगा। करीब सत्तर समुदायों के लोगों की अपनी-अपनी पूजा पद्धतियों का एक साथ दर्शन वहां अलौकिक अनुभव का माध्यम बनेगा। एक तरह से कह सकते हैं कि जल, जंगल और जमीन से सीधे जुड़े सहज भावुक समाज की सज्जनता और पारंपरिक पूजा विधान एक तरह से अनूठे दृश्य रचने जा रहे हैं। सांस्कृतिक संकट से जूझने के लिए यह पूजा समारोह कितना महत्वपूर्ण है, इसी तथ्य से समझा जा सकता है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत भी इस पूजा समारोह में हिस्सा लेने वाले हैं। जनजातीय पूजा की एक विशेषता यह है कि वह निजी नहीं, बल्कि सामूहिकता पर ज्यादा जोर देती है। छत्तीसगढ़ के जशपुर से बहत्तर साल पहले वनवासी कल्याण आश्रम को बाला साहब देशपांडे ने जनजातीय समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने और उनकी ज्ञान परंपरा और संस्कृति से दुनिया को परिचित कराने के साथ ही वनवासी समुदाय के सामूहिक नेतृत्व को उन्हीं के बीच से उभारने के लिए शुरू किया था। इस यात्रा में वनवासी कल्याण आश्रम ने जो बड़ा काम किया है, वह है धर्मांतरण पर लगाम लगाना। ईसाई मिशनरियों का वनवासी समाज सहज निशाना रहा है। आश्रम मिशनरियों के इस नापाक उद्देश्य की राह में बड़ी बाधा बनकर उभरा है।

## कथनी और करनी में न हो कोई अंतर



संकलित

दर्शन

सभी के हित का ध्यान रखते हुए मनसा, वाचा, कर्मणा अपने दायित्वों का सम्यक रूप से निर्वाह करना कर्त्तव्य है। कर्त्तव्य का पालन यदि समुचित रूप से किया जाता है तो जीवन पूर्णतः गौरवान्वित बनता है। जो कर्त्तव्यनिष्ठ है। वह अपने करणीय कर्म के प्रति पूरी तरह से समर्पित होता है। वह परमार्थ पोषक एवं प्रामाणिक होता है। वह जैसा रहता है, वैसा ही करता भी है। ऐसी कथनी-करनी की एकरूपता से वह समाज में श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करता है और प्रत्येक उससे प्रेरणाएं ग्रहण करता है। कर्त्तव्य परिपालन की बात करना और कर्त्तव्य परिपालन के नाम पर शोर-शराबा मचाना अलग बात है और कर्त्तव्यों के क्षेत्र में बिना किसी शोर-शराबे के समर्पित हो जाना अलग बात है। आज हम देखते हैं कि कर्त्तव्यों के परिपालन के लिए अक्सर लम्बे-चौड़े उपदेश दिये जाते हैं, पर जब कर्तव्य निर्वाह का अवसर आता है तो व्यक्ति दायें-बायें देखने लगता है। कटु सत्य तो यह है कि आज कर्त्तव्यों की चर्चा करने वाले लाखों हैं, पर कर्त्तव्यों के पावन पथ पर गतिशील होने वाले विरले ही हैं। कई बार मुझे चिंतन के क्षणों में लगता है कि आज व्यक्ति कर्त्तव्यों से विमुख हो गया है। इस विमुखता के कारण प्रत्येक क्षेत्र में अराजकता और अशांति का विस्तार हुआ है। कर्त्तव्यों के पावन क्षेत्र से भटककर कोई व्यक्ति कभी भी शांति का अहसास नहीं कर सकता। जीवन का गौरव और उसकी सार्थकता कर्त्तव्य पालन में ही है।

## कभी अपने बल पर घमंड न करें



संकलित

प्रेरणा

महाभारत युद्ध में अर्जुन और कर्ण आमने-सामने थे। दोनों दिव्य अस्त्र-शस्त्रों से लड़ रहे थे। जब-जब अर्जुन के तीर कर्ण के रथ पर लग रहे थे तो कर्ण का रथ बहुत पीछे खिसक रहा था। दूसरी ओर जब-जब कर्ण के तीर अर्जुन के रथ पर लगते तो उसका रथ थोड़ा सा ही पीछे खिसकता था। ये देखकर अर्जुन को घमंड हो गया कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। अर्जुन ने ये बात श्रीकृष्ण से कही तो भगवान ने कहा कि तुम्हारे बाणों से ज्यादा शक्ति कर्ण के बाणों में है। भगवान की बात सुनकर अर्जुन ने कहा कि ये कैसे संभव है, मेरा रथ तो थोड़ा सा ही पीछे खिसक रहा है। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम्हारे रथ पर मैं स्वयं बैठा हूं, ऊपर ध्वजा पर हनुमान जी विराजित हैं, तुम्हारे रथ के पहिए को शेषनाग ने थाम रखा है। इतना होने के बाद भी कर्ण के बाण ये रथ पीछे खिसक रहा है तो इसका मतलब यही है कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। यदि ये न होता तो पता नहीं तुम्हारे रथ की क्या स्थिति होती। ये बात सुनकर अर्जुन को अपनी गलती का अहसास हो गया और उसका घमंड टूट गया। इस कथा में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को सीख दी है कि कभी अपनी शक्ति का घमंड न करें और शत्रु को कमजोर न समझें। यथा स्थिति का अच्छा से अवलोकन करे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### ओजोन सुरक्षित तो हम सुरक्षित

ओजोन के संरक्षण के लिए ही 19 दिसंबर 1964 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 16 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय ओजन दिवस मनाने की घोषणा की थी। संयुक्त राष्ट्र और दुनिया के लगभग 45 देशों ने ओजोन परत को खत्म करने वाले पदार्थों पर मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर 16 सितंबर 1987 को हस्ताक्षर किए थे। इसके बाद पहली बार 1995 को विश्व ओजोन दिवस मनाया गया और इसके बाद से हर साल यह दिन मनाया जाता है। कुदरत का अनमोल तोहफा स्वर्ग जैसी धरती और धरती के संरक्षण के लिए कुदरत ने बहुत कुछ हमें दिया है। इसी तोहफे में से एक है ओजोन परत। ओजोन परत का संरक्षण उसी तरह जरूरी है, जिस तरह हम बीमारियों से बचने के लिए अपने स्वास्थ्य की रक्षा करते हैं।

*- चंदन साहू, दुर्ग*

## ट्रेंड

### पीएम आवास योजना



पीएम आवास योजना के लाभार्थियों के साथ चाय पर उनकी जीवन यात्रा को सुना। इस योजना से महिलाओं को लाभान्वित होते देख विशेष प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने बताया कि कैसे यह योजना और ऐसी अन्य योजनाएं जीवन बदल रही हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### भारत का गौरव



एक छोटे से गांव के गरीब परिवार में जन्म लेकर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री बनने वाले मोदी जी को 15 राष्ट्रों ने अपना सर्वोच्च पुरस्कार देकर उनका और भारत का गौरव बढ़ाया है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### इस्तीफा देना पैंतरेबाजी



अरविन्द केजरीवाल द्वारा सीएम पद से अब इस्तीफा देना वास्तव में जनहित से दूर इनकी राजनीतिक पैंतरेबाजी, किन्तु उनके जेल में रहने के कारण दिल्ली की जनता ने जो असुविधाएं व समस्याएं झेली हैं उसका क्या? उसका हिसाब कौन देगा?

-मायावती, बसपा सुप्रीमो

### सिनेमा 2024 का जश्न




दर्शकों द्वारा पसंद किए जाने वाले जिन अभिनेताओं को दर्शक पसंद करते हैं, उन्हें बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रचना होगा। 18,19 व 20 सितंबर को व्हिस्लिंगवुड्स इंटरनेशनल में सिनेमा 2024 का जश्न मना रहा है।

-सुभाष घई, फिल्म निर्देशक

## करंट अफेयर

डॉ. संगीता गोयल

### भारत-अमेरिका संबंधों को लेकर चिंतित हैं चीन, रूस



अमेरिका के एक शीर्ष राजनयिक ने कहा कि चीन और रूस, भारत-अमेरिका के मजबूत होते संबंधों को लेकर चिंतित हैं क्योंकि ये संबंध समाज में विविध आवाजों को महत्व देने के साथ ही समावेशिता, शांति और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान को बढ़ावा देते हैं। प्रबंधन और संसाधन के उप विदेश मंत्री रिचर्ड वर्मा ने प्रतिष्ठित 'हडसन इंस्टीट्यूट' में भारत-अमेरिका संबंध पर टिप्पणियां करने के बाद एक सवाल पर कहा, 'आपको क्या लगता है कि चीन और रूस इस साझेदारी को लेकर इतने चिंतित क्यों हैं? क्योंकि हम दुनिया के बाकी हिस्सों में जीवन का ऐसा रूप पेश करते हैं,

## ऑफ बीट

### दुनिया की आधी बड़ी झीलों में हो रहा पानी कम



दुनिया में 50 प्रतिशत से अधिक बड़ी झीलों में पानी की कमी हो रही है और इसकी प्रमुख वजहों में गर्म जलवायु और मानव उपभोग प्रमुख हैं। इस अध्ययन के प्रमुख लेखक अमेरिका के वर्जीनिया विश्वविद्यालय के फांगफैंग याओ हैं। याओ ने कहा कि यह अध्ययन उपग्रहों और 'मॉडल' की एक श्रृंखला के आधार पर दुनिया भर की झीलों में जल भंडारण में परिवर्तन के रुझानों पर पहला व्यापक आकलन है। कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान के बीच अरल सागर के सूखने जैसे पर्यावरणीय संकट के सामने आने के बाद याओ और उनके सहयोगियों ने यह अध्ययन किया

## संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से किसान की मौत

अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जुराखन खेड़ा निवासी एक किसान शुक्रवार रात जानवरों के लिए चूनी भूसी लेने गया था। रात को त्रिभुवन खेड़ा के सामने सड़क पार करने के दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। मौत की जानकारी परिजनों को दी गई। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पीएम के लिये भेजा है।गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जुराखन खेड़ा निवासी 33 वर्षीय किसान गुड्डू की शुक्रवार रात एक दुखद सड़क हादसे में मौत हो गई। गुड्डू चूनी भूसी लेने घर से निकला था, लेकिन त्रिभुवन खेड़ा चौराहे के पास अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। पत्नी राजौला और एक साल का बेटे का रो-रोकर बुरा हाल है।पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा शव हादसे की सूचना एक स्थानीय युवक ने परिजनों को दी, जिसके बाद कोहराम मच गया। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। गंगाघाट कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया कि एक्सीडेंट की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की है और परिजनों की तहरीर पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### हापुड़ में धोखाधड़ी करने वाले 5 के खिलाफ एफआईआर

अमन लेखनी समाचार

हापुड़, हापुड़ में सिटी कोतवाली क्षेत्र के बुलंदशहर रोड स्थित आवास विकास कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति से 5 लोगों ने शेयर मार्केट कंपनी में रुपए लगाकर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 50 लाख रुपए हड़प लिए। कोर्ट के आदेश पर पांच आरोपियों के खिलाफ पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता साबिर अली ने बताया कि वह प्रोपर्टी के साथ-साथ एलटी कंपनी पेन इंडिया वेंडर का प्रोपराइटर है। उसके मोहल्ले के ही दिलशाद से पिछले लगभग 24-25 सालों से पारिवारिक संबंध हैं। आरोपी ने उसे बताया कि उसकी एफएक्स हब नाम की कंपनी में जान पहचान है। इसमें रुपए लगाने पर कंपनी 12 प्रतिशत प्रतिमाह लाभ के साथ रुपए वापस करती है। कंपनी विदेशी कंपनियों में रुपए लगाती है। आरोपी ने उसकी जान पहचान मनजीत चौधरी व रतन सिंह निवासी गांव ददायरा थाना देहात, कपिल कुमार निवासी गांव सांवी पिलखुवा व दिव्यकांत मिश्रा निवासी जयपुर से कराई। सभी आरोपियों पर विश्वास कर उसने 50 लाख रुपए कंपनी में लगा दिए। जिसके बाद उसने मुनाफा मांगा तो वह आनाकानी करने लगे। इसके बाद पीड़ित ने अपने रुपए वापस मांगे। लेकिन आरोपियों ने उसके रुपए भी नहीं लौटाए। उसने पुलिस से इसकी शिकायत की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद उसने न्यायालय में गुहार लगाई। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की मासिक बैठक संपन्न

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक इकाई नवाबगंज की मासिक बैठक का आयोजन ब्लॉक अध्यक्ष के आवास पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ संरक्षक प्रदीप त्रिपाठी ने की व संचालन संगठन मंत्री सजल मिश्रा ने किया। आज की बैठक में मुख्य रूप से मासिक बैठक विद्यालय समय के उपरांत रखी जाए जिससे दूर से आने वाले अध्यापकों को परेशानी ना हो, अध्यापक साथियों और शिक्षिका बहनों को बीएलओ ड्यूटी से कार्य मुक्त किया जाए। सफाई कर्मियों की नियमित उपस्थिति के लिए विकासखंड अधिकारी से पत्र जारी कर आदेशित करवाया जाए कि विद्यालयों में सफाई कर्मी की नियमित उपस्थित, बीआरसी परिसर में लगा इंडिया मार्का हैण्डपम्प के मरम्मत हेतु जिम्मेदार विभाग से मिलकर दुरुस्तीकरण, संगठन विस्तार हेतु खाली पदों पर जल्द से जल्द नए लोगों को जोड़ने की प्रक्रिया, मीटिंग में शत प्रतिशत उपस्थिति आदि शिक्षकों की समस्याओ पर विचार-विमर्श किया और उसके निराकरण के लिए कमेटी गठन पर चर्चा हुई। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष अरविन्द वर्मा ने पदाधिकारियों से कहा कि ब्लॉक और न्याय पंचायत की बैठकों में अवश्य प्रतिभाग करें और नीति नियम पर चलकर शिक्षक हित में संलग्न रहे। न्याय पंचायत स्तर तक संगठन का विस्तार शीघ्र कर ले साथ ही उपस्थिति पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि कुछ भी हो जाये, शिक्षकों का उत्पीड़न और शोषण बिल्कुल भी बर्दास्त नहीं किया जायेगा। तत्पश्चात संरक्षक प्रदीप त्रिपाठी ने कहा कि अपने ही बीच के शिक्षक साथी अपने-अपने गृह जनपद स्थानांतरण के लिए 24 सितम्बर एवं बुढ़ापे की लाठी हेतु 26 सितम्बर कों अटेवा के द्वारा पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) के पेंशन क्रांति कों लेकर जिला कलेक्ट बहराइच परिसर में आयोजित प्रदर्शन / ज्ञापन के कार्यक्रम कों सफल बनाने की अपील की। इस मौके पर अनीश चौधरी, प्रदीप सिंह, दिनेश पटेल, नवनीत प्रेमी, जीतेन्द्र शर्मा, वैभव सिंह, आशीष पाण्डेय, माधवराम, विनोद गिरि सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थिति रहे।

## पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज थानान्तर्गत ग्राम कुरसण्डा मे सौरभ कुमार पुत्र रामदेव उम्र लगभग 18 वर्ष का शव शनिवार को बहुत सुबह लगभग चार बजे गंगा दास कुटिया के पास नीम के पेड़ में लटकता हुआ पाया गया। घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे मे ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

- प्रशिक्षण में दी गई एनसीईआरटी आधारित पाठ्य पुस्तकों की जानकारी
- प्रशिक्षण में बताई गई नवीन पाठ्य पुस्तक आधारित शिक्षण की नीतियां

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। विकास क्षेत्र नवाबगंज अंतर्गत परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्र नवाबगंज (बाबागंज) में आयोजित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा के निर्देशन में आयोजित इस चार दिवसीय प्रशिक्षण में संदर्भदाता सुनील कुमार, राकेश मौर्य, निर्मल शुक्ला, जितेंद्र बहादुर व अमित कुमार ने शिक्षकों को वर्तमान सत्र में कक्षा एक व दो में संचालित एनसीईआरटी आधारित नवीन पाठ्य पुस्तकों की विषयवस्तु तथा शिक्षण नीतियों की जानकारी दी। एआरपी सुनील कुमार ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य वर्तमान शैक्षिक सत्र में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम पर आधारित भाषा- गणित व अंग्रेजी की नवीन पाठ्य पुस्तकों सारंगी, आनंदमय गणित व मृदंग की विषयवस्तु तथा कक्षा 3, 4 व 5 में संदर्शिका आधारित भाषा-गणित की शिक्षण नीतियों से अवगत कराना है।

प्रशिक्षण के प्रथम व चतुर्थ दिवस में प्रतिभागियों द्वारा प्री व पोस्ट टेस्ट के माध्यम से स्वआकलन भी किया गया। दो बैच में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विकास क्षेत्र के 100 शिक्षकों व शिक्षामित्रों को प्रशिक्षण दिया गया।

## सिजौली रेलवे क्रॉसिंग पर हुआ अंडरपास का विरोध

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। नानपारा से नेपालगंज रोड रेलवे मार्ग पर बाबागंज निकट सुजौली रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे द्वारा अंडरपास बनाए जाने की कवायद चल रही है। जबकि इससे पूर्व इस प्रखंड पर बने सभी अंडरपास बदहाल हैं, अंडरपास में बराबर जल भराव बना रहता है और लोगों के लिए यह अंडरपास जी का जंजाल बने हुए हैं। बताते चलें कि इस क्रॉसिंग से एक किलोमीटर पर नेशनल हाईवे से एक सड़क सिजौली गांव होते हुए मकनपुर, देवरा सहित एक दर्जन गांवो को जोड़ती है। जिस पर लगभग हजारों लोगों का प्रतिदिन आना जाना रहता है। शनिवार को इस सड़क पर रेलवे द्वारा क्रासिंग पर अंडरपास बनाने के लिए मशीन भेजी गई थी। जिसका ग्रामीणों ने पुरजोर विरोध किया। ग्रामीणों का कहना है कि आसपास बनी हुई सभी अंडरपास थोड़ी सी बरसात में तालाब बन जाते हैं। जिससे लोगों का आना-जाना दूभर हो जाता है। यदि इस पर भी अंडर पास बन गया तो यह रास्ता भी बंद हो जाएगा जिससे बच्चों का स्कूल आना जाना, अस्पताल तथा बड़ी गाड़ियों का आना-जाना बिल्कुल बंद हो जाएगा। इस अंडरपास को बनाए जाने के विरोध में सैकड़ों ग्रामीणों नें ग्राम प्रधान सिजौली मो0 इरशाद, ग्राम प्रधान सलारपुर सफी अहमद, मकनपुर सरोज देवी, प्रधान बनकुरी मोइ आशफाक, उत्तम कुमार, विनय कुमार आदि के नेतृत्व में हस्तलिखित प्रार्थना पत्र रेलवे के अभियंता को दिया है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कैसरगंज तहसील दिवस संपन्न

### समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से मामलों का करें जल्द निस्तारण: मोनिका रानी

अमन लेखनी समाचार/सिराज अली



कैसरगंज, बहराइच।संपूर्ण समाधान दिवस तहसील कैसरगंज में जिलाधिकारी बहराइच मोनिका रानी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला बहराइच व सीडीओ की जेरे निगरानी में संपूर्ण समाधान दिवस सम्पन हुआ। तहसील दिवस में आए हुए तमाम फरियादियों की फरियाद डीएम बहराइच एवं पुलिस अधीक्षक ने सुनी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों व कर्मचारियों को सख्त दिशा निर्देश दिया कि जो भी फरियादी तहसील में आयें उनके मामलों का निस्तारण जल्द से जल्द एवं पूरी ईमानदारी के साथ किया जाए। आम जनता के साथ अधिकारी व कर्मचारी अच्छा बर्ताव करें। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने कहा की फरियादियों की समस्या तहसील दिवस के मौके पर आने की कतई नौबत नहीं आनी चाहिए।सभी फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण उनको थाने पर और मौके पर जा कर कर देना चाहिए। अगर फरियादी की समस्या थाने जाने के बावजूद भी नहीं हल होती है तो ऐसे लापरवाह पुलिस अफसर के ऊपर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर सीडीओ बहराइच, सीएमओ बहराइच सहित जनपद के तमाम आला अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## विभिन्न योजनाओं से आच्छादित होंगे मानव वन्यजीव संघर्ष से प्रभावित परिवार

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। तहसील महसी अन्तर्गत मानव वन्यजीव संघर्ष से प्रभावित परिवारों को विभिन्न प्रकार की पेंशन योजनाओं, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण व मुख्यमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय स्वच्छता कार्यक्रम, उज्ज्वला योजना, विद्युत कनेक्शन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा अन्य विभागीय योजनाओं से आच्छादित किया जाना है। इस सम्बन्ध में शुक्रवार को देर शाम जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में निर्देश दिया कि स्थलीय सत्यापन कर यह देख लिया जाय कि प्रभावित परिवारों को विभागीय योजनाओं का लाभ मिल रहा है अथवा नहीं। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि सत्यापन के दौरान इस बात की भी जानकारी प्राप्त की जाय कि मानव वन्यजीव संघर्ष में मानव व पशुओं की जनहानि अथवा घायल होने पर सम्बन्धित परिवार वारिसान को सरकारी मुआवजा मिल गया है। यदि मुआवजा मिल गया है तो उसका पूर्ण विवरण और न मिलने की दशा में कारणों का भी उल्लेख किया जाय। डीएम ने प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देश दिया कि मानव वन्यजीव संघर्ष से प्रभावित परिवारों के आवास/झोपड़ी में दरवाजा/बांस का टट्टर लगाये जाने की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए आरा मशीन स्वामियों से भी सहयोग प्राप्त किया जाय। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच अजीत प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी महसी अखिलेश कुमार सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय, जिला पंचायत राज अधिकारी राघवेन्द्र द्विवेदी, पीडी डीआरडीए अरूण कुमार सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, अधि.अभि. विद्युत नानपारा रंजीत कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर गुप्त, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी बी.पी. सत्यार्थी, खण्ड विकास अधिकारी महसी हेमन्त यादव सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## बांदा में घटिया सड़क निर्माण का किया विरोध

- ग्रामीणों का पांचवे दिन अनशन जारी, पाइपलाइन डालने के बाद सड़कों की मरम्मत में लापरवाही करने आरोप

अमन लेखनी समाचार



बांदा, बांदा में जलजीवन मिशन योजना के तहत बबेरू और बिसंडा क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कों की खुदाई की गई। लेकिन मरम्मत कार्य मानकों के अनुसार नहीं किया जा रहा है। कार्यदाई संस्था द्वारा घटिया निर्माण के विरोध में भदेहदू गांव के ग्रामीण अनशन पर बैठ गए हैं। बुधवार को अनशन का पांचवा दिन भी जारी है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक ठोस कार्रवाई नहीं होगी, उनका अनशन जारी रहेगा। ग्रामीणों का आरोप है कि पाइपलाइन डालने के बाद सड़कों की मरम्मत में लापरवाही बरती जा रही है, जिससे रास्तों में जलभराव हो गया है। ग्रामीणों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समाजसेवी पीसी पटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री से लेकर कैबिनेट मंत्री, राज्यमंत्री, डीएम और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया है। लेकिन अभी तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है। पीसी पटेल ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि विरोध जताने पर उन्हें ट्रैक्टर से कुचलकर मारने की कोशिश की गई।

## अमेठी पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

- दो दिन पहले पुजारी के परिवार पर किया था जानलेवा हमला, पुजारी की मां को लगी थी गोली

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी में दो दिन पहले मंदिर के पुजारी और उसके परिवार पर जानलेवा हमला करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।बाकी बच्चे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ताबड़तोड़ दबिश देने में जुटी है। दो दिन पहले ही हुई इस वारदात में गोली लगने से पुजारी की बुजुर्ग मां का चेहरा उड़ गया था जो अभी भी जिंदगी और मौत के बीच अस्पताल में जंग लड़ रही है। दरअसल ये पूरा मामला गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के राघीपुर गांव का है जहां सोमवार की देर रात मामूली विवाद में गांव के ही रहने वाले दबंगों ने दुर्गन भवानी मंदिर के पुजारी गोरखनाथ गिरी के घर में घुसकर पूरे परिवार पर लाठी डंडों और धारदार हथियार हमला कर दिया। इस दौरान दबंगों ने गोली भी चलाई थी। दबंगों द्वारा चलाई गई गोली से पुजारी की मां का चेहरा बुरी तरह से घायल हो था। घटना के बाद तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां मां की हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया था, जहां अभी भी उनका इलाज चल रहा है। घटना के बाद पुलिस ने कई नामजद और कई अज्ञात पर मुकदमा दर्ज के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। घटना में शामिल वैभव विक्रम सिंह पुत्र संतोष नारायण सिंह, निर्भय सिंह पुत्र आशुतोष सिंह, विपुल सिंह पुत्र आशुतोष सिंह और आकाश सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह को काजीपट्टी तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है।पुलिस ने सभी आरोपियों को जेल भेज दिया है।घटना में शामिल कई आरोपी अभी फरार जिनकी तलाश में पुलिस ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है और जल्दी ही उन्हें गिरफ्तार करने का दावा कर रही है।

## अमेठी में लोगों पर जंगली जानवर ने किया हमला

### किशोरी और बुजुर्गों समेत 6 घायल, सियार जैसा दिख रहा था जानवर

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी में जंगली जानवरों के हमले बढ़ते जा रहे हैं। आज सुबह खेतों की तरफ गए ग्रामीणों पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया। जंगली जानवर के हमले में आसपास के तीन गांव के आधा दर्जन लोग घायल हो गए। आनन-फानन में सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल और संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां सभी का इलाज हुआ। घायलों के मुताबिक जिस जानवर ने हमला किया वह सियार की तरह दिख रहा था, लेकिन सियार नहीं था। फिलहाल घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग और स्थानीय पुलिस इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रही है। पूरा मामला मुंशीगंज थाना क्षेत्र के पनियार पावर हाउस के पास स्थित तीन गांवों का है। यहां आज सुबह आसपास के गांव तुलसीपुर कोरारी लक्षन शाह, चेतराम पांडे का पुरवा और पनियार गांव के ग्रामीण खेतों की तरफ गए थे तभी सुबह करीब साढ़े पांच बजे अचानक जंगली जानवर ने हमला कर दिया। जंगली जानवर के हमले में एक किशोरी समेत 6 लोग घायल हो गए। आनन फानन में परिजनों द्वारा सभी घायलों को मुसाफिरखाना सीएचसी, भेटुआ सीएचसी और संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां सभी का इलाज हुआ। जंगली जानवर के हमले में अभय नारायण शर्मा पुत्र राम प्रसाद कोरारी लक्षन शाह, गुड़िया (20) पुत्री राम अवध निवासी जया का पुरवा, राम सुमेर (45) पुत्र राम केदार निवासी तुलसीपुर, बदलू यादव (62) पुत्र महावीर चेतराम पांडेय का पुरवा, राजकुमार (55) पुत्र हीरालाल पनियार चौराहा, इंद्रपाल यादव (65) पुत्र रामदास पनियार, वैद्यनाथ पनियार (70) घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही मुंशीगंज पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रही है

लेकिन अभी जंगली जानवर का सुराग नही मिल पाया है। डीएफओ रणवीर मिश्र ने कहा कि टीम को मौके पर भेजा गया है। इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है जल्द ही हमला करने वाले जानवर को पकड़ किया जाएगा।

## सुल्तानपुर में दिव्यांग की जमीन पर अवैध निर्माण

- कमिश्नरी से जारी है स्टे आदेश, रोकने गया तो जान से मारने की मिली धमकी

संवाददाता



सुलतानपुर,सुल्तानपुर में पुलिस का इकबाल सवालों के घेरे में है, जब गोसाईंगंज थाना के हयातनगर में एक दिव्यांग की जमीन पर खुलेआम अवैध निर्माण चल रहा है। स्थानीय निवासी मुश्ताक दोनों पैरों से दिव्यांग है। उसने आरोप लगाया है कि दबंगों ने उनकी पुश्तैनी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है, लेकिन पुलिस कार्रवाई करने में नाकाम रही है। मुश्ताक ने बताया कि इस्माइल उनके जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। हाल ही में निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है, जबकि इस भूखंड पर अयोध्या कमिश्नर की कोर्ट से स्थगन आदेश भी जारी किया गया है। जब मुश्ताक ने निर्माण को रोकने की कोशिश की तो आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

पिछले कुछ समय में दिव्यांग मुश्ताक ने गोसाईंगंज थाने में लिखित शिकायत दी, लेकिन पुलिस ने उनकी सुनवाई नहीं की और उन्हें थाने से भगा दिया। हालांकि, जयसिंहपुर एसडीएम के हस्तक्षेप से पहले इस निर्माण को रोका गया था।

## अमेठी में आवारा कुत्तों का आतंक

### 24 घंटे में बच्चों समेत 12 लोगों को काटा, सभी का ट्रामा सेंटर में हुआ इलाज



संवाददाता

अमेठी जिला, प्रदेश के कई जिलों में जंगली जानवरों के हमलों के बीच अब आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ने लगा है। जगदीशपुर कस्बे में पिछले 24 घंटों में आवारा कुत्तों ने एक दर्जन से अधिक लोगों को काटकर घायल कर दिया। सभी घायलों का इलाज जगदीशपुर ट्रामा सेंटर में किया गया, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र में लगातार हो रहे इन हमलों ने स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बना दिया है। डॉक्टरों के अनुसार मंगलवार को सुबह से शाम तक कुत्तों के हमले में सात लोग घायल हुए, जबकि देर शाम पांच और लोग इसी कारण घायल हुए। सभी घायलों को उचित इलाज और इंजेक्शन दिया गया है। प्रभागीय वन अधिकारी रणवीर मिश्र ने कहा कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है, लेकिन यदि ऐसा है तो जांच के लिए टीम मौके पर भेजी जाएगी। साथ ही, आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए अभियान चलाने का आश्वासन भी दिया गया है। इस घटनाक्रम ने स्थानीय निवासियों को चिंता में डाल दिया है और वे इस समस्या के समाधान की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

## अमेठी में चल रहे निर्माण-कार्यों की डीएम ने की समीक्षा

- गुणवत्तापूर्ण समय से काम पूरा करने का निर्देश, लापरवाही बरतने पर दी सख्त कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी डीएम निशा अनंत ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ जिले में निमार्णाधीन परियोजनाओं को लेकर समीक्षा की। बैठक में डीएम ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें और गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए इसे कार्यदायी संस्थाएं पूरी गंभीरता से लें। उन्होंने समीक्षा बैठक के दौरान मौजूद अधिकारियों और कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन परियोजनाओं के निर्माण के लिए धनराशि मिल गई है उन परियोजनाओं का काम निश्चित समय से पूरा किया जाए।उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता या फिर मानक विहीन और अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी या फिर संबंधित कार्यदाई संस्था के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।निर्माण में प्रयोग की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता जांच के बाद ही निर्माण कार्य में प्रयोग किए जाएं।जिन कार्यों को पूर्ण कराने में बजट की आवश्यकता हो उसके लिए जल्द से जल्द प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजे जिससे कि कार्य में बाधा न उत्पन्न हो व निर्माण कार्य ससमय पूर्ण कराया जा सके। बैठक में डीएम ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि जो परियोजनाएं पूर्ण हो गई हैं, उनको संबंधित विभाग को हैंड ओवर कर दिया जाए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग शैलेंद्र सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी और कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# संक्षेप

## शराब के नशे में युवक को गोली मारने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

गोरखपुर। सहजनवा स्थित देशी शराब की दुकान पर नशे की हालत में दो लोगो के बीच में अपराह्न 1 बजे के करीब आपस में विवाद हो गया इसके बाद अभियुक्त अपने घर से लाइसेंसी बंदूक लाकर शिवानंद पुत्र स्व सीताराम सिंह निवासी उज्जीखोर पर हवाई फायरिंग कर दिया था। जिससे बंदूक ने निकला छर्रा उसके कमर के नीचे लग गया था। और वह घायल हो गया था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही थी। शनिवार को पुलिस ने अभियुक्त वंश भूषण त्रिपाठी पुत्र स्व रामसिहासन त्रिपाठी निवासी सहजनवा वार्ड 4 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## शिक्षिका के गले से चेन लूट फरार हुए बदमाश

फतेहपुर। जनपद के थरियांव थाना क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय अरबपुर में सेवा प्रदान कर रही शिक्षिका रश्मी पटेल के रास्ते चलते बदमाशों ने चेन लूटकर घटना को अंजाम दे दिया मिली जानकारी के अनुसार शिक्षिका फतेहपुर शहर के सिविल लाइंस क्षेत्र में निवास करके विगत लगभग 8 वर्षों से प्राथमिक विद्यालय अरबपुर में सेवा प्रदान कर रही हैं शहर से विद्यालय शिक्षिका एक वैन में आती है जहां प्रतिदिन की भांति वैन से उतरकर अरबपुर गांव के मोड से लगभग 500 मीटर दूर विद्यालय पैदल जा रही थी वहीं नीले रंग की अपाचे बाइक सवार बदमाश गले से चेन खींच कर रफू चक्कर हो गए आनन फानन अध्यापिका ने पुलिस प्रशासन की सहायता ली जहां मौके पर पहुंचे पुलिस बल अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा थाना अध्यक्ष अरुण राय आदि ने एसओजी टीम के साथ पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया वही अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि मामले की खोजबीन के लिए अलग-अलग चार टीमें गठित की गई है जहां जल्द ही लुटेरों को पकड़ने में प्रशासन कामयाबी हासिल करेगा

## ओबरा में पिता की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

ओबरा, सोनभद्र में चोपन थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। भूत-प्रेत के शक में अपने पिता की हत्या करने के मामले में आरोपी रमाशंकर खरवार उर्फ रवि को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त खून से सनी कुल्हाड़ी भी बरामद की गई है। रमाशंकर खरवार उर्फ रवि (25) को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कानोपान जंगल से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर रही है। गिरफ्तारी के बाद की गई पूछताछ में रमाशंकर ने बताया कि उसके पिता सोनेश्वर खरवार ने उसे और उसके परिवार को भूत-प्रेत करने का आरोप लगाया था। उसने कई बार अपने पिता को समझाने की कोशिश की, लेकिन जब वे नहीं माने, तो उसने रविवार की सुबह करीब 06 बजे अपने पिता की घर के आंगन में कुल्हाड़ी से गला काटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है और उसकी ओर से घटना में प्रयुक्त खून से सनी कुल्हाड़ी को भी बरामद कर लिया है।

# कम संसाधन में जीने की कला सीखाता है, स्काउट-गाइड : सत्येंद्र सिंह

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत रिठुआखोर में संस्कार इंटर कॉलेज के तीसरे दिन समापन समारोह में बच्चों को भविष्य होते हैं। कम संसाधनों में स्काउट गाइड अच्छी तरह जीने की कला सीखाता है। इनमें अनुशासन, मितव्ययिता, भाईचारा तथा हस्तकला का पूरा समन्वय होता है। भारत में इसकी स्थापना 1909 हुई थी। उक्त बातें विद्यालय प्रबंधक सत्येंद्र सिंह व स्काउट गाइड के प्रशिक्षक शिवेंद्र गोपाल ने कही। वह विकासखंड पाली स्थित संस्कार इंटर कॉलेज में रिठुआखोर में स्काउट गाइड प्रशिक्षण के तीसरे दिन समापन समारोह में बच्चों को संबोधित कर रहे थे। बच्चों ही किसी देश के भविष्य होते हैं उनमें सीखने सीखने की शक्ति सबसे ज्यादा होती है। भारत सरकार का प्रयास है कि सभी विद्यालयों में बच्चों को स्काउट गाइड का प्रशिक्षण दिया जाए। जिससे एक सभ्य समाज व देश का निर्माण किया जा सके। प्रशिक्षण में टेंपरेरी टेंट बनाना, विभिन्न प्रकार से रस्सियों की गांठ देने, आशियाने की सुंदरता तथा कई प्रकार के पकवानों के बारे में बताया गया। उक्त अवसर पर विद्यालय प्रबंधक सत्येंद्र सिंह के अलावा प्रधानाचार्य अंजलि सिंह, शंकर सिंह गणेश निषाद, राजेश गुप्ता, संत प्रसाद गुप्ता, कप्तान सिंह, प्रदीप सिंह, शक्ति सिंह, राजेश सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

# अल्टो कार में लादकर 15 बोरी नमक उठा ले गए चोर

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के नगर पंचायत घघसरा में बीते शुक्रवार की रात दुकान के सामने रखे गये नमक के रैक से चोर 15 बोरी नमक अल्टो कार में लादकर उठा ले गए चोर।

उनकी हरकत कैमरे में कैद हो गयी। दूसरे दिन सुबह दुकान मालिक विनय कुमार गुप्ता जब दुकान पर पहुंचे तो नजारा देखकर दंग रह गये। नमक की बोलियां गायब थीं।

पीड़ित ने घटना की सूचना तत्काल घघसरा पुलिस को दी। दुकान मालिक ने पुलिस को बताया कि- चोरों की हरकत सीसी कैमरे में दर्ज है। उनके द्वारा नमक की बोरियों को लादते हुए कैमरे में देखा गया है। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस सीसी कैमरे को खंगालने में जुटी है।

# बैनामा में फजीवाड़ा को लेकर स्वजनों का निबंधन कार्यालय में हंगामा

### मानसिक रोगी को शराब पिलाकर साढ़े आठ डिसमिल भूमि दलाल रजिस्टार ने मिलकर करा लिया था बैनामा

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवा तहसील में स्थित निबंधन कार्यालय में बैनामे में फजीवाड़ा को लेकर स्वजनो ने खूब हंगामा किया। और रजिस्टार पर धन उगाही कर बैनामा करने का आरोप लगाया। आरोप था कि पंकज उपाध्याय पुत्र स्व द्वारिकाधीश उपाध्याय निवासी भरवल जो मानसिक रोगी है। 19 सितंबर को पीड़ित खेत में पानी चला रहा था। मानसिक हालत ठीक न होने पर जालसाज मौका पा गए। उसे बाइक पर बैठाकर सहजनवा स्थित एक होटल में ले गए। उसे शराब पिलाने के बाद निबंधन कार्यालय लाया गया। जहां रजिस्टार से पहले से सेटिंग थी। और शराब के नशे में मानसिक रोगी से साढ़े आठ डिसमिल भूमि बैनामा करा लिया गया। जब की जालसाजों ने पीड़ित के बैंक खाते में कोई भी धन का भुगतान नहीं किया गया है। स्वजनो के हंगामा देखकर कार्यालय में काफी भीड़ जुट गई। लोग मुकदर्शक बने रहे। वही एसडीएम ने मामले को संज्ञान में लेते हुए गीडा थाने को जांच कर मुकदमा दर्ज कार्ड का निर्देश दिया है। इस संदर्भ में प्रभारी रजिस्टार संदीप सिंह ने कहा बयान के दौरान विक्रेता ने धन मिलने की बात स्वीकार किया था। तभी बैनामा हुआ था। धन उगाही का आरोप बेबुनियाद है।

# आबकारी विभाग के द्वारा 4 भट्टियों को तोड़कर 250 किलो लहन किया गया नष्ट



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। आज उप आबकारी आयुक्त गोरखपुर प्रभार के आदेश के अनुपालन में, जिला आबकारी अधिकारी गोरखपुर के निर्देश पर एक संयुक्त टीम ने थाना राजघाट के अमूर तानी चकरा आयुअल में छापेमारी की। कार्यवाही के दौरान टीम ने मौके से 75 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 4 भट्टियों को तोड़ दिया। इसके अलावा 250 किलो लहन को भी नष्ट किया गया। इस मामले में संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ 2 अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। आबकारी निरीक्षक श्याम कुमार गुप्ता ने बताया यह कार्रवाई अवैध शराब के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। आबकारी निरीक्षक पुंकेश सिंह ने बताया आबकारी विभाग के द्वारा ऐसे अभियान लगातार चलाया जा रहा है ताकि जिले में अवैध शराब का कारोबार पूरी तरह से खत्म किया जा सके।

# समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनी जन समस्याएं

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद फतेहपुर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में तहसील सभागार में संपन्न हुआ। समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग ,बिजली विभाग, पूर्ति विभाग, पुलिस विभाग, नगरीय निकाय, विकास विभाग, व अन्य विभागों की शिकायतों को सुनते हुए त्वरित और पारदर्शी तरीके से निस्तारण के निर्देश संबंधितों को दिए। उन्होंने कहा कि शिकायत रजिस्टर पर शिकायतकर्ता का मोबाइल नंबर भी अंकित किया जाय और शिकायतकर्ता से फोन पर आकस्मिक वार्ता कर निस्तारण की स्थिति की जांच भी कि जाय। एवं लेखपाल को बुलाने पर आने मे देरी करने पर उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया की यह सुनिश्चित करें की अगले संपूर्ण समाधान दिवस में सभी लेखपाल समाधान हाल मे उपस्थित रहेगें। रामप्रकाश ग्रामसभा कोराई द्वारा रास्ते पर अवैध कब्जे की शिकायत पर, लेखपाल को मौके पर जाकर जांच कर अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दिए। राजरानी पत्नी स्व0 अरुण कुमार ग्राम कासिमपुर बीबीहाट द्वारा अवैध कब्जे की शिकायत पर राजस्व निरीक्षक, राजस्व लेखपाल को प्रकरण की जानकारी न होने पर कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि तत्काल मौके पर जाकर नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करें। ग्राम आदमपुर की मनु पुत्री क्रांति ने शिकायती पत्र पर बताया कि पट्टे की जमीन की मेडबंदी नही की जा रही है, जिस पर लेखपाल को नियमानुसार जाँच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने ईओ सदर को निर्देशित किया कि जल निकासी कि समस्या का समाधान फौरी तौर पर किया जाय। तालाब पर अवैध कब्जे की शिकायत पर ईओ बहुआ को निर्देश दिये कि वार्डझ9 में स्थित तालाब को राजस्व और पुलिस की टीम के साथ समन्वय स्थापित करते हुए तत्काल कब्जामुक्त कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिसाशी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि जहाँ विद्युत संबंधी समस्या है, तत्काल जेई, एसडीओ को भेजकर निराकरण कराये और निर्बाध रूप से रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति कराई जाय। उन्होंने संम्पूर्ण समाधान दिवस मे आये हुए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक अपने कार्यालय मे बैठकर जनता कि समस्याओं को सवेदनशीलता के साथ सुने एवं उनका गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करायें। इस अवसर पर मुख्यचिकित्साधिकारी राजीव नयन गिरी, सीओ सिटी, पीडी डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 75 मामले , 5 का हुआ निस्तारण



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। शनिवार को सम्पूर्ण समाधान की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी सहजनवा दीपक कुमार गुप्ता ने किया। इस दौरान 75 मामले आए जिसमे 5 मामले का निस्तारण मौके पर किया गया। राजस्व 36,पुलिस 14,विकास 10, अन्य 15 मामले आए थे। राजस्व संबंधित मामले के निस्तारण के लिए राजस्व टीम गठित की गई है। पुलिस के मामले के निस्तारण के लिए जांच कर कारवाई करने का निर्देश दिया गया है।इस दौरान डीपीआरो निलेश प्रताप सिंह, सीओ चकबंदी वीरेंद्र जीत सिंह, एसओसी बंदोबस्त शशिकांत शुक्ला,तहसीलदार राकेश कन्नौजिया,बीड़ीओ बृजेश यादव,सत्यम तोमर ईओ सूर्यकांत सहित अनेक विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# दहेज लोभी ससुरालियों पर बहू ने दर्ज कराया प्रताड़ना का मुकदमा

अमन लेखनी समाचार




बकेवर, फतेहपुर। बकेवर थाना क्षेत्र के देवमई गाँव की एक बेटी को उसके पति समेत ससुराल पक्ष के लोगो ने प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया। पीड़ित महिला छ माह से मायके देवमई में रह रही है।

दहेज लोभी ससुरालियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए देवमई गाँव के स्व अमर सिंह यादव की बेटी प्रियंका यादव ने बताया कि उसका विवाह चार साल पहले कानपुर देहात के मूसानगर थाना के सूर्यपुर नगीना बांगर में हुआ था। शादी के बाद पता चला कि उसका पति बीर सिंह यादव पुत्र श्रीराम गोपाल यादव शराब का लती है। जो अक्सर उसके साथ मारपीट किया करता है। प्रियंका के पिता ने दान दहेज देकर शादी की थी लेकिन ससुराल के लोगो ने उससे अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे और गालियां देकर मारपीट करते रहते थे। पति बीर सिंह यादव, ससुर राम गोपाल यादव, सास मिथलेश, जेठानी आकांक्षा व देवर ज्ञान सिंह यादव ने उसको दहेज के मांग को लेकर विगत अप्रैल माह में घर से निकाल दिया था। पीड़ित छह माह से अपने पुत्र के साथ मायके में रह रही थी। थाना अध्यक्ष कान्ती सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है, उचित कार्यवाही की जा रही है।

# क्विज प्रतियोगिता में बच्चों ने किया प्रतिभाग

### विजेता बच्चों का शिक्षकों ने किया उत्साहवर्धन



अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। जनपद के खजुहा विकासखंड शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय आलमगंज परिसर में क्विज प्रतियोगिता संपन्न हुई विद्यालय में मौजूद सहायक अध्यापिका ऊषा सिंह के नेतृत्व में विद्यालय स्तर की क्विज प्रतियोगिता में जूनियर स्तर के बच्चों ने प्रतिभागिता निभाई परीक्षा में सफल होने के पस्चात छात्र असफिया ने प्रथम मानसी ने द्वितीय तथा छात्र सत्यम तृतीय स्थान प्राप्त किया विद्यालय में मौजूद प्रधानाध्यापक पंकज मिश्र सहायक अध्यापिका श्वेता बाजपेई एवं ऊषा सिंह ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी

# चोरों ने वारदात कर लाखों की लगाई चपत

### सूने घर का ताला तोड दस लाख की ज्वैलरी व पचास हजार नगदी की चोरी

अमन लेखनी समाचार

चौड़गरा, फतेहपुर। बीती रात चौडगरा स्थित एक सूने घर से चोर दस लाख की ज्वैलरी व पचास हजार नगदी आलमारी तोड कर चुरा ले गए।गृह स्वामी औंग थाना क्षेत्र के गाँव मिराई में एक स्कूल चलाते हैं और परिवार के साथ वही रहते हैं।चौडगरा वाले इस घर में ताला लगा रहता है। गृह स्वामी ने चोरी की तहरीर थाना कल्यानपुर को दी है। सूचना मिलने के बाद कल्यानपुर थाना प्रभारी निरीक्षक व फोरेंसिक टीम ने मौके पर जाकर तफ्तीश किया। चोरी की यह घटना संदिग्ध बताई गई है। चौड़गरा निवासी शत्रुघ्न सिंह उर्फ लल्लू भदौरिया ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि वह बीती रात औंग थाना क्षेत्र के गाँव मिराई मे अपने स्कूल मे परिवार के साथ थे। चौडगरा स्थित घर में ताला लगा था। चौडगरा स्थित घर में आज रात में अज्ञात चोरों ने 10:00 बजे से 12:00 बजे के बीच किसी समय घर में लगा ताला तोड़कर चोर आलमारी में रखी दस लाख की ज्वौलरी व नगदी पचास हजार चुरा? ले गए। घटना की जानकारी मिलने पर वह परिजनों के साथ सुबह घर पहुंचा तो घर में रखी अलमारी देख होश उड़ गए। मौके पर पहुंची कल्यानपुर पुलिस व फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल का बारीकी से मुआयना किया। थाना प्रभारी निरीक्षक कल्यानपुर ने बताया कि घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है फिर सभी गृह स्वामी द्वारा बताए गए सभी हिंदुओ पर जांच की जा रही है जल्द ही घटना का अनावरण किया जाएगा।

# खुर्जा में विद्यारंभ कार्यक्रम का आयोजन

- नई शिक्षा प्रणाली को लेकर किया जागरूक, प्राचार्या बाले- 8 स्वरोजगार कोर्स संचालित

अमन लेखनी समाचार




खुर्जा, खुर्जा नगर स्थित एकेपी डिग्री कॉलेज में नव प्रवेशित बीए एवं एमए प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं के लिए विद्यारंभ कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों से छात्राओं को परिचित कराना और महाविद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराना था। कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज की प्राचार्या प्रो. डिंपल विज, वरिष्ठ प्रवक्ता नीलू सिंह और डॉ. बीना माथुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। कार्यक्रम की संयोजिका और एनईपी कोऑर्डिनेटर नीलू सिंह ने छात्राओं को कॉलेज के अनुशासन, परीक्षा प्रणाली और विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। प्राचार्या प्रो. डिंपल विज ने छात्राओं को बताया कि महाविद्यालय में व्यक्तित्व विकास के लिए 19 स्किल कोर्स और 8 स्वरोजगार कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत निःशुल्क कोचिंग भी उपलब्ध है, जिसमें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है। कार्यक्रम में लगभग 200 छात्राओं ने भाग लिया, जहां शिक्षिकाओं ने विभागीय गतिविधियों और समितियों के कार्यों से छात्राओं को अवगत कराया। प्राचार्या ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रमुख उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को क्रेडिट बैंक और कन्या सुमंगलम योजना के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

# पूर्व प्रधान ने बंद पड़ी गौशाला को शुरू कराने की मांग

अमन लेखनी समाचार



बंथरा। सरोजनीनगर के लोनहा में बनी गौशाला केंद्र को प्रशासन ने बंद करा दिया था। गौशाला केंद्र में क्षेत्र के आवारा पशु रखे गए थे जिससे किसानों को काफी राहत थी। इस पशु आश्रय केंद्र में बरसात के दिनों कीचड़ हो गया था जिसको संज्ञान लेते हुए खंड विकास अधिकारी ने बंद करा दिया था। काफी दिनों से बंद इस गौशाला केंद्र मे एक भी पशु नही है। इस केंद्र के पशुओं को भी कही अन्य केंद्रों में शिफ्ट किया गया था। वहीं केंद्र में खडंजा आदि न लगने से बरसात के दिनों मे कीचड़ हो जाता है जिसके चलते पशुओं को भी काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ता है। बंद पड़ी गौसला मे क्षेत्रीय आवारा पशुओं को भी नही रखा जा सकता है। जिससे आवारा पशुओं की संख्या में लगातार बढ़ोतरी है। इस आवारा पशुओं से किसान भी परेशान है। किसान की धान की फसल तैयार होने को है लेकिन इन पशुओं से फसल को बचा पाना मुश्किल हो गया है। क्षेत्र के इन पशुओं से परेशान किसानों ने पूर्व प्रधान कल्लू पाल लोनहा के प्रतिनिधित्व मे उपजिलाधिकारी को एक लिखित पत्र देकर पुनः इस गौशाला केंद्र को संचालित कराने व इसकी मरम्मत के साथ ही इसके परिसर में खडंजा लगवाने का भी जिक्र किया है।

# बाढ़ का पानी कम हुआ, बीमारियों का खतरा बढ़ा

- सीतापुर में सैकड़ों ग्रामीण बंधे पर रहने को मजबूर, दवा और राहत सामग्री बांटी गई

अमन लेखनी समाचार



सीतापुर, बैराजों से पानी के डिस्चार्ज में कमी आने के कारण शारदा और घाघरा नदियों का जलस्तर घट रहा है। बाढ़ प्रभावित गांवों में पानी उतरने से लोगों की परेशानियों में कमी आई है, लेकिन कई कठिनाइयां अब भी बरकरार हैं। ग्रामीण तटबंधों के किनारे तिरपाल तानकर रहने को मजबूर हैं और कीचड़ तथा संक्रमण बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। तहसील लहरपुर का क्षेत्र बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित है। यहां दर्जनों गांवों में बाढ़ का पानी पहुंचने के बाद सैकड़ों लोग ऊंचे स्थानों पर रहने को मजबूर हैं। विकासखंड इलाके में कृषि योग्य भूमि नदियों के कटान में समाहित हो चुकी है और कई घर भी नदियों में समा गए हैं। रामपुरमथुरा विकासखंड के आधा दर्जन स्कूलों में नदियों का पानी पहुंचने से शिक्षण कार्य प्रभावित हो चुका है। हालांकि, शारदा और घाघरा नदियों का जलस्तर तेजी से कम हो रहा है, जिससे कटान में कमी आई है, लेकिन संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ गया है। बारिश का पानी कम होने के बाद गांवों में कीचड़ के कारण लोग अपने घरों में पहुंचने में भी हिचकिचा रहे हैं। हाल ही में हुई जोरदार बारिश के बाद बैराजों से छोड़े गए पानी से दर्जनों गांवों में बाढ़ की स्थिति बनी थी।

# आईजीआरएस निस्तारण एवं ऑनलाइन सेवाओं की समीक्षा

## राजस्व की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करें आरटीओ : ऋतु सिंह

अमन लेखनी समाचार

अमेठी उत्तर प्रदेश आरटीओ अयोध्या मंडल ऋतु सिंह ने राजस्व पूर्ति, आईजीआरएस निस्तारण एवं ऑनलाइन सेवाओं की समीक्षा की बैठक की। इस दौरान मंडल के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि माह सितम्बर 2024 में युद्ध स्तर पर कार्यवाही करते हुए राजस्व की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करें।गत वित्तीय वर्ष के सापेक्ष कम से कम 20 प्रतिशत मासिक एवं क्रमिक वृद्धि हर हाल में सुनिश्चित करें व बकाया वसूली हेतु सबसे बड़े बकाएदारों की सूची कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाय।राजस्व पूर्ति, आईजीआरएस निस्तारण एवं आनलाईन सेवाओं की समीक्षा करतीं आरटीओ अयोध्या मंडल ऋतु सिंह और एआरटीओ बाराबंकी अंकिता शुक्ला आदि।

राजस्व पूर्ति, आईजीआरएस निस्तारण एवं आनलाईन सेवाओं की समीक्षा करतीं आरटीओ अयोध्या मंडल ऋतु सिंह और एआरटीओ बाराबंकी अंकिता शुक्ला आदि।उन्होंने कहा



कि संभाग के सभी बकाएदारों से दूरभाष व डोर टू डोर नॉकिंग की गति तेज करते हुये प्रभावी बकाया-कर वसूली करें।मुख्यमंत्र के निदेशों का अक्षरशः पालन करते हुये जिला-प्रशासन एवं पुलिस से समन्वय कर अवैध व्यक्तियों के विरुद्ध निरन्तर कार्यवाही अपने कार्यालयों को अनाधिकृत व्यक्तियों के हस्तक्षेप से मुक्त रखे कार्य शैली पारदर्शी बनाए।समीक्षा बैठक आरटीओ प्रशासन ऋतु सिंह की अध्यक्षता में हुई।उन्होंने अयोध्या संभाग में राजस्व लक्ष्यों की पूर्ति, आडिट प्रकरणों के निस्तारण एवं वाहों की फिटनेस, मानक के अनुसार पंजीयन, दर्पण पोर्टल सेवाएँ, आईजीआरएस आदि पोर्टल पर शिकायतों के त्वरित निस्तारण आदि संबंधी निर्देश दिए।जिसमें अयोध्या, अमेठी, बाराबंकी व अम्बेडकरनगर के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी व संभागीय निरीक्षक अयोध्या शामिल रहे स्कूल वाहन के वाहन स्वामियों को कर जमा और फिटनेस, परमिट आदि नवीनतम और वैध होने चाहिए आरटीओ अयोध्या मंडल ऋतु सिंह ने निर्देश दिया कि कि स्कूली वाहनों, यात्री वाहनों एवं माल वाहनों के वाहन स्वामी तथा स्कूल वाहन के वाहन स्वामियों को कर जमा और फिटनेस, परमिट आदि नवीनतम वैध कराने हेतु दूरभाष पर संपर्क करें। निलंबित पंजीयन वाले वाहनों को भी प्रपत्र वैध कराने हेतु प्रेरित करें और जिला प्रशासन की टास्क फोर्स का भी गठन करवायें। सभी वाहन स्वामी कर जमा कर जमा करायें।उन्होंने कहा कि सभी वाहन स्यामी पर जाकर आनलाइन माध्यम से विभिन्न सेवाओं का लाभ ले सकते हैं। इसके लिए कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। मण्डल के सभी जनपदों के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आरसी भेजने के साथ राजस्व विभाग की बेबसाइट पर मिलान व प्रतिदिन स्टेटस मानीटर करें, जनपद व तहसील स्तर अधिकारियों, अमीनों से बात कर कार्यवाही करें।

### दर्पण पोर्टल पेंडेंन्सी शून्य निस्तारण करने का निर्देश

आरटीओ अयोध्या मंडल ऋतु सिंह ने कहा कि अनाधिकृत एवं बिना वैध प्रपत्रों के संचालित वाहनों के विरुद्ध स्कैप्रिंग (आरवीएसएफ) की कार्यवाही की जा सकती है। अतः वाहन स्वामी तत्काल अपने प्रपत्र वैध करा लें।दर्पण पोर्टल की सभी सेवाओं पर पेण्डेन्सी शून्य करने एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये। 15 वर्ष पूर्ण सरकारी वाहन को निष्प्रयोज्य करने की कार्यवाही सभी विभागों से करवायें।निजी वाहनों का कामर्शियल प्रयोग, एचएसआरपी आदि पर भी प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही व जागरुकता बैठक आदि के निर्देश दिये गये।

### बैठक में उपस्थित रहे

बैठक में आरटीओ अयोध्या मंडल ऋतु सिंह के अलावा एआरटीओ अयोध्या आरपी सिंह, एआरटीओ अंबेडकरनगर सत्येन्द्र यादव, एआरटीओ अमेठी सर्वेश कुमार सिंह, एआरटीओ बाराबंकी अंकिता शुक्ला, आरआई प्रेम सिंह उपस्थित थे।

# सर्प के डंसने से मजदूर की मौत

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम परहेटा निवासी बिंदा प्रसाद 32 वर्ष पुत्र छोटू कुटार शुक्रवार की शाम खेत में चारा काट रहा था। तभी वहां मौजूद सांप ने उसके पैर में काट लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन ग्रामीणों की मदद से बिंदा प्रसाद को गंभीर हालत में लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। जिस पर मृतक के परिजन मृतक के शव को घर लेकर आ गए तभी एक तांत्रिक द्वारा बिंदा प्रसाद के शरीर में जान होने की बात कह उसे तंत्र-मंत्र व जड़ी बूटियों से ठीक करने का दावा कर किया। जिस पर बिंदा प्रसाद के परिजन उसके ठीक होने की आस में उक्त तांत्रिक से करीब तीन-चार घंटे तक झाड़ फूंक कराते रहे। यह देखने के लिए बिन्दा प्रसाद के घर में ग्रामीणों का मजमा लग गया। जब तात्रिक उसे जिंदा नहीं कर सका तो वह अपना सा मुंह लेकर गांव से लौट गया।उसके बाद सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था।वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था।वह अपने पीछे दो पुत्र व दो पुत्रियों समेत पत्नी को बिलखता छोड़ गया है। इस घटना से गांव में शोक का माहौल है।

# दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। छोटे भाई के साथ तिल की फसल काटने जाते समय रास्ते मारपीट एवं दुष्कर्म का शिकार हुई युवती के आरोपी को पुलिस ने दबोचकर न्यायालय भेजा है। गत गुरुवार को थाना क्षेत्र के गांव की युवती को खेत जाते समय पड़ोसी जनपद बांदा के नरायन गांव के निवासी युवराज उर्फ छोटू निषाद ने रास्ते में दबोचकर मारपीट की घटना को अंजाम देते हुए दुष्कर्म किया था। घर वापस आई युवती तथा उसके भाई ने घटना से परिजनों को अवगत कराया था। घायल अवस्था में युवती को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था। यहां पर युवती के साथ उसकी मां ने अज्ञात की युवक पर दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाया था। बाद में युवती ने अदालत में दुष्कर्म होने का बयान दर्ज कराया था। पुलिस ने छेड़खानी एवं मारपीट के मुकदमे में दुष्कर्म की धारा बढ़ाकर आरोपी युवक को हमीरपुर एवं बांदा जनपद की सीमा से दबोचकर न्यायालय भेजा है। जहां से उसे जेल भेजा गया है। गिरफ्तारी के दौरान टीम में उपनिरीक्षक गुरुचरण सरोज और आरक्षी संगीत सिंह आदि शामिल रहे।

# भाजपाइयों ने झाड़ू लगाकर मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

अमन लेखनी समाचार

राठ,हमीरपुर। शनिवार को भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर नगरीय स्वास्थ्य केंद्र में सफाई अभियान चलाकर उनके दीघार्यु होने की कामना की। मंडल अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला ने कहा कि पीएम मोदी की स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत मुहिम में हर आदमी को अपना योगदान देना चाहिए। साफ-सफाई से वातावरण के साथ नागरिक, ग्रामीण भी अनेक बीमारियों से दूर रह सकते हैं। कहा कि मोदी जी पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने स्वच्छ भारत व स्वस्थ भारत का बीड़ा उठाया है। उन्हीं के नक्शे कदम पर भाजपा का हर कार्यकर्ता स्वच्छता से जुड़ा है।इस दौरान मनीष गौतम, धर्मेंद्र साहू, संदीप राजपूत, धर्मेंद्र ठाकुर, जयशंकर त्रिपाठी, आशीष तिवारी, राजू आदि रहे।

# डीएम व एसपी द्वारा फायर स्टेशन कमरौली का आकस्मिक निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिलाधिकारी निशा अनन्त एवं पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा आगामी त्यौहारों दुगार्पूजा, दशहरा आदि के दृष्टिगत फायर स्टेशन कमरौली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान फायर स्टेशन कमरौली के अग्निशमन वाहनों तथा अग्निशमन उपकरणों की कार्यशीलता की जांच की गयी तथा साथ ही समस्त कर्मियों को आग लगने की सूचना पर घटनास्थल पर सदैव पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट सेफ्टी गियर का उपयोग करने आदि के संबंध में आवश्यक आदेश/निर्देश दिये गये तदोपरान्त फायर स्टेशन कमरौली के आवासीय एवं प्रशासनिक भवनों का निरीक्षण किया एवं निमार्णाधीन भवनों का निरीक्षण कर संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्धारित समयाविधि में कार्य पूरा करने हेतु निर्देशित किया गया।

# तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में आई 17 शिकायते, एक शिकायत का हुआ निस्तारण



अमन लेखनी समाचार

गरौठा,झांसी। माह के तृतीय शनिवार को तहसील सभागार गरौठा में अवनीश कुमार तिवारी उपजिलाधिकारी गरौठा की अध्यक्षता एवं राजेश कुमार राय पुलिस क्षेत्राधिकारी गरौठा, तहसीलदार मदन मोहन गुप्ता की उपस्थिति मे तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस मे कुल 17 शिकायते प्राप्त हुयी।जिनमे से एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को उपजिलाधिकारी ने सम्बंधित विभागों को अग्रेषित कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस के 4,राजस्व के 5,विद्युत विभाग के 2,विकास के 4,साधन समिति का 1,पूर्ति विभाग का 1 शिकायती पत्र प्राप्त हुआ। समाधान दिवस में थानाध्यक्ष गुरसरांय वेदप्रकाश पाण्डेय, थाना प्रभारी गरौठा बलिराज शाही,थाना प्रभारी एरच नीलेश कुमारी सहित नगर पंचायत,वन विभाग,विद्युत विभाग,जल विभाग,समाज कल्याण,विकास सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सदर मे सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

**सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 93 शिकायतों में से 06 का तत्काल मौके पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया, शेष शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के दिए निर्देश**



अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। आज जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सदर तहसील में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुल 93 शिकायतें प्राप्त हुई , जिसमें से 06 शिकायत का मौके पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया गया।शेष शिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने जन समस्याओं को सुनने के पश्चात उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया तथा कहा कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में मौके पर जाकर संबंधित पक्षों से मिलकर उनकी बातों को अवश्य सुना जाए। संबंधित अधिकारियों द्वारा शिकायत के निस्तारण के दौरान/स्थलीय निरीक्षण के दौरान लोकेशन सहित फोटोग्राफ भी लिए जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस ,आईजीआरएस पोर्टल, मुख्यमंत्री संदर्भ /1076 के संदर्भ / शिकायतों का निष्पक्षता पूर्वक एवं समयबद्ध ढंग से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। कहा कि शिकायतों का निस्तारण 07 दिनों में अनिवार्य रूप से कर दिया जाए। शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए ताकि शिकायतकर्ता को बार-बार परेशान ना होना पड़े। कहा कि शिकायतों का ग्राउंड लेवल पर निस्तारण कर शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जाय। उन्होंने कहा कि जिस स्तर की शिकायत है उसका उसी स्तर पर निस्तारण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। किसी भी दशा में वही शिकायत अगले समाधान दिवस में प्राप्त नहीं होनी चाहिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा, सीएमओ डॉ गीतम सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी, पीडी साधना दीक्षित, एसडीएम व सीओ सदर तथा अन्य संबंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# अभाविप गरौठा नगर इकाई का हुआ गठन

अमन लेखनी समाचार

गरौठा,झांसी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई गरौठा का गठन 21 सितंबर शनिवार को बजरंग धर्मशाला में हुआ। इस दौरान निवर्तमान जिला संयोजक झांसी हरिशचन्द्र नायक ने संगठन विस्तार को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की। हरिशचन्द्र नायक ने कहा कि एबीवीपी राष्ट्र व समाज का सम्मान हो या फिर छात्र हित की बात हो हमेशा से आगे बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती रही है। छात्रों को इस संगठन से जुड़कर स्टूडेंट आर्मी की तरह कार्य करना चाहिए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा अनुशासित छात्र संगठन है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद की सबसे बड़ी उपलब्धि है कि उसने देश को एक ऐसा छात्र संगठन दिया जो कई वर्षों की साधना व तप कर तैयार हुआ है। उन्होंने तहसील संयोजक के रुप में आयुष त्रिपाठी की पुनः घोषणा की। इस मौके पर आयुष त्रिपाठी ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एकमात्र छात्र संगठन है जो सालों भर छात्र हित तथा समाज हित के लिए संघर्ष करते आया है। इस दौरान तहसील संयोजक गरौठा आयुष त्रिपाठी ने नई इकाई गरौठा की नवीन कार्यकारणी की घोषणा की। इसमें सर्वसहमति से नगर अध्यक्ष के रुप में रविन्द्र पुरी व नगर मंत्री के रुप में विशाल पंडित, आयुष तिवारी को नगर उपाध्यक्ष बनाया गया। नगर सहमंत्री उपेंद्र ठाकुर,दुष्यंत तिवारी, आयुष गिरी, वैभव पंडित, ब्रजेश अहिरवार, सत्यम ठाकुर, एसएफएस संयोजक अंशुल गिरी, सहसंयोजक गोलू खटीक, एसएफडी संयोजक प्रिंस, सहसंयोजक मनोज गिरी, सोशल मीडिया संयोजक पवन ठाकुर, सहसंयोजक किशन दुबे, मीडिया संयोजक कपिल प्रजापति, सहसयोंजक अनमोल नगरिया, कला मंच संयोजक मगन सेन, सहसंयोजक धर्मपाल, नगर कार्यकारणी सदस्य के रूप में लोकेश, आकाश चौधरी,दीपक कश्यप, आदर्श सोनकिया आदि कार्यकताओं के नामों की घोषणा की गई। इस मौके पर एबीवीपी के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीएम व एस पी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं एवं शिकायतों के प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु जिलाधिकारी गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा तहसील सफीपुर में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनसामान्य की समस्याएं व शिकायतें सुनीं गयीं।

संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सफीपुर में डीएम द्वारा राजस्व विभाग की 27, पुलिस विभाग की 17, विकास विभाग की 18, विद्युत विभाग की 10, समाज कल्याण विभाग की 21, चिकित्सा विभाग की 04, पूर्ति विभाग की 23, शिक्षा विभाग की 02, सहित अन्य विभागों की 39 शिकायतों/समस्याओं का अनुश्रवण किया गया। इस अवसर पर कुल 161 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 09 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण




कराया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा शिकायतों से संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक एवं समयबद्ध निस्तारण एक सप्ताह के अन्दर कराना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री जनता दर्शन में जनपद की प्राप्त शिकायतों का निस्तारण ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारित करें। इसके अतिरिक्त आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करते हुए आख्या पोर्टल पर फीड करना सुनिश्चित करें। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकतर शिकायते राजस्व विभाग की होती हैं जिनका निस्तारण राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा स्थालीय निरीक्षण कर निस्तारित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यालय में बृहस्पतिवार को जन संवाद दिवस के अवसर पर जन मानस की समस्याओ को सुना जाए तथा उनका निस्तारण भी किया जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि लंबित शिकायतों के निस्तारण मे यदि पुलिस विभाग की आवश्यकता है तो तत्काल फोर्स लेकर संबंधित शिकायत का ससमय निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

संपूर्ण समाधान दिवस सफीपुर के अवसर पर तहसील परिसर में जिला कार्यक्रम विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण कैम्प, समाज कल्याण विभाग, महिला कल्याण विभाग कैंम्प, पूर्ति विभाग कैम्प, श्रम विभाग कैंम्प, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि कैम्प एवं स्वास्थ्य विभाग कैम्प लगाकर जन समुदाय को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से लाभान्वित किया गया। तहसील परिसर में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा 2024 के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा हस्ताक्षर कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर पूर्ति विभाग द्वारा उज्ज्वला योजनांतर्गत लाभार्थी रंन्नो, पिंकी, सोनी, आमना एवं सैदा खातून को गैस सिलेंडर एवं गैस चूल्हा देखकर लाभान्वित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में सीएमओ डा0 सत्य प्रकाश, डीडीएजी मुकुल तिवारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा0 नीलम सिंह, जिला मत्स्य अधिकारी श्री बीके दुबे, जिला पूर्ति अधिकारी राज बहादुर सिंह,, अधिशाषी अभियन्ता जल निगम अजीत कुमार सिंह, परियोजना अधिकारी डूडा अरविंद कुमार सिंह, एस0ओ0सी0 डा0 सुरेश सागर, परियोजना निदेशक तेजवंत सिह, जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय, जिला मत्स्य अधिकारी बी0के0 दुबे, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सुनील वर्मा, उप जिलाधिकारी सफीपुर नवीन चन्द्र, क्षेत्राधिकारी सफीपुर मायाराय, तहसीलदार सफीपुर राम शंकर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व स्थानीय कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे।

# अतिवृष्टि/ बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए घरों के पीड़ितों को मिला मुआवजा

**विधायक सदर मनोज प्रजापति व डीएम घनश्याम मीना ने चेक वितरित की**



अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। गत दिनों हुई अतिवृष्टि / बाढ़ आदि के कारण क्षतिग्रस्त हुए घरों के पीड़ितों को आज जिला प्रशासन द्वारा आर्थिक सहायता दी गई। तहसील सदर में हुए इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सदर मनोज कुमार प्रजापति व जिलाधिकारी श्घनश्याम मीना ने 21 लाभार्थियों को रुपए 4000 की दर से आर्थिक सहायता से संबंधित चेक वितरित की। वहीं संपूर्ण जिलों में आज कुल 133 लोगों को रु 4000 की दर से आर्थिक सहायता की चेक वितरित की गई। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा, एसडीएम व सीओ सदर तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन में कुल 89 प्रार्थना पत्र आए सबसे अधिक राजस्व के मामले छाए रहे मौके पर पांच प्रार्थना पत्रों का निस्तारण हो सके

तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उप जिलाधिकारी रणवीर सिंह की अध्यक्षता में हुआ जिसमें दूर-दूर से आए पीड़ित व्यक्तियों ने लिखित प्रार्थना पत्र सक्षम अधिकारियों को सौप जिनमें गड़ेंवा निवासी सोमती देवी ने कहा कि भूमि धरी नंबर पर अवैध तरीके से कब्रिस्तान बनाए जाने महेश कुमार कि अटवट व कटहर की भूमि का



न्यायालय द्वारा बटवारा वाद का निस्तारण होने के बाद भी ब्लॉक प्रमुख द्वारा कब्जा नहीं डील रहे हैं गोविंद ने नेशनल हाईवे पाटन के नीचे अंडरपास तहसील मुख्यालय से मात्र 300 मीटर की दूरी पर बने अंडरपास के नीचे व बगल में दुकानदारों द्वारा दुकान लगाकर रास्ता अवरुद्ध कर रहे हैं जिससे लोगों को आने-जाने में भारी समस्या उत्पन्न हो रही है कुल 89 प्रार्थना पत्र आए दिनमें सबसे अधिक राजस्व के 39 व अन्य संबंधित विभाग के कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मौके पर जाकर जांच कर उचित कार्रवाई कर शीघ्र निस्तारित करें पांच प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर हुए।

# युगचेतना में छात्र छात्राओं को दिया गया रोजगार, परक प्रशिक्षण

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे के नजरपुर में संचालित युग चेतना महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को प्रभात योग्यता विकास केंद्र संस्था के तत्वावधान में सिलाई कढ़ाई एवं इलेक्ट्रिक वेल्डिंग का प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसरों से जोड़ने का प्रयास किया गया। युगचेतना महाविद्यालय के प्राचार्य डा. अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि गैर सरकारी संगठन लेवर नेट लाइली हुड फाउंडेशन बेंगलुरु के केंद्र संचालक ने प्रभात योग्यता विकास केंद्र के तत्वावधान में महाविद्यालय कैंपस में छात्र छात्राओं को सिलाई कढ़ाई एवं इलेक्ट्रिक बेल्डिंग का प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसरों से जोड़ने का प्रयास किया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में रोजगार परक शिक्षा की अत्यंत आवश्यकता है। इसलिए सभी छात्र छात्राओं को ऐसे प्रशिक्षण अवश्य लेना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्रवक्ताओं के साथ फाउंडेशन के गौतम अजीत, शिवानी राजपूत, शिवकांत सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहे। यह कार्यक्रम यूनिलीवर के सहयोग से चलाया जा रहा है।

# बड़े भाई से झगड़कर छोटे भाई ने ट्रेन से कटकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। भाई से झगड़ा करने के बाद शुक्रवार की रात युवक ने रेलवे स्टेशन के समीप किसी ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। मृतक चार भाई बहनों में सबसे छोटा था। जीआरपी शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बांदा ले गई है। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक बड़े भाई के साथ कॉस्मेटिक की दुकान में हाथ बंटाता था।

सुमेरपुर कस्बे के वार्ड संख्या 18 में गुटखा फैक्टरी के समीप रहने वाले कमल किशोर गुप्ता के तीन पुत्र एवं एक पुत्री हैं। छोटा पुत्र विवेक गुप्ता 22 वर्ष किसी बात को लेकर शुक्रवार की रात करीब 8 बजे बड़े भाई से झगड़कर नाराज होकर घर से निकल गया। परिजन तलाश करते रहे। परंतु सुराग नहीं लग सका। सुबह इसका शव रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे ट्रैक पर मिला। आशंका है कि इसने रात में किसी ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली है। सुबह रेलवे ट्रैक पर शव पाए जाने की सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे और शिनाख्त की। जीआरपी बांदा ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। झगड़ा किस बात को लेकर हुआ था। इस पर परिजन चुप हैं। मृतक चार भाई बहनों में सबसे छोटा था और बड़े भाई की कॉस्मेटिक की दुकान में बैठकर हाथ बंटाता था। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


**सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews @gmail.com**





# 'रेस 4' में साथ काम करेंगे सैफ और सिद्धार्थ

**नई दिल्ली।** रेस 4 के लेखक शिराज अहमद ने हाल ही में पुष्टि की कि सैफ अली खान और सिद्धार्थ मल्होत्रा एक्शन थ्रिलर में एक साथ नजर आएंगे और फिल्म के बारे में अन्य जानकारी भी साझा की है। लोकप्रिय 'रेस' फ्रेंचाइजी की आगामी चौथी किस्त का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म के लेखक शिराज अहमद ने रेस 4 के बारे में कुछ दिलचस्प बातें बताईं। उन्होंने बताया कि फिल्म में पहली दो फिल्मों की कहानी को जारी रखा जाएगा और इसकी शूटिंग जनवरी 2025 में शुरू होगी। इस फिल्म का निर्माण रमेश तौरानी द्वारा किया जाएगा।

लाइफ Style

# अनन्या

## सारा-जान्हवी से है गहरी दोस्ती

बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे कभी अपनी फिल्म-वेब सीरीज को लेकर तो कभी अपने ब्रेकअप्स और अफेयर की अफवाहों को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में अनन्या ने अपनी दोस्त सारा अली खान और जान्हवी कपूर के बारे में खुलकर बात की और बताया कि किस तरह से वे एक-दूसरे का साथ देती हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अनन्या पांडे बॉलीवुड अभिनेता चंकी पांडे की बेटी हैं। 2019 में अनन्या ने फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 और कॉमेडी पति पत्नी और वो में प्रमुख भूमिकाओं के साथ अभिनय किया और सभी का दिल जीता। अनन्या अक्सर अपने ब्रेकप्स और नए अफेयर की अफवाहों से लाइमलाइट में बनी रहती हैं। कॉल मी बे से ओटीटी पर अपनी पहली वेब सीरीज से अनन्या पांडे ने खूब सुर्खियां बटोरी। इसी सीरीज के एक इंटरव्यू के दौरान अनन्या ने अपनी बॉलीवुड सहेलियों के बारे में खास बातें कीं और उनके साथ उनके साथ अपनी गहरी दोस्ती के बारे में भी कई बातों का खुलासा किया। अनन्या ने कहा, 'कई पार ऐसी परिस्थिति आ जाती है कि महिलाओं को एक-दूसरे के खिलाफ, अभिनेत्रियों को अभिनेत्रियों के खिलाफ खड़ा करते रहते हैं, लेकिन सारा अली खान, जान्हवी कपूर, हम लगातार एक-दूसरे के लिए मौजूद रहने और एक-दूसरे का सार्वजनिक रूप से समर्थन करने की कोशिश करते हैं, ताकि हम लोगों को दिखा सकें कि महिलाओं की दोस्ती ऐसी ही होनी चाहिए, किसी और तरह पर विश्वास न करें।' अनन्या पांडे को आखिरी बार वेब सीरीज कॉल मी बे में देखा गया था। कॉल मी बे एक भारतीय हिंदी भाषा की कॉमेडी ड्रामा टेलीविज़न सीरीज़ है, जिसे इशिता मोइत्रा, समीना मोटलेकर और रोहित नायर ने लिखा है, जिसे कॉलिन डी'कुन्हा ने निर्देशित किया है।




हॉलीवुड मसाला




# नवंबर में रिलीज होगी 'ड्यूनः प्रोफेसी'

लॉस एंजिल्स। वेब सीरीज 'ड्यूनः प्रोफेसी' की रिलीज को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। इस बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज को नवंबर में रिलीज किया जाएगा। भारतीय दर्शक इस सीरीज को जियो सिनेमा पर स्ट्रीम कर सकेंगे। इसकी जानकारी खुद जियो सिनेमा की ओर से दी गई है। सीरीज को जियो सिनेमा प्रीमियम पर देखा जा सकेगा। जुलाई में जब 'ड्यूनः प्रोफेसी' का दूसरा टीजर ट्रेलर आया था तो दर्शकों ने इसे पसंद किया था।




# 'स्कार्पेटा' में नजर आएंगी निकोल किडमैन-जेमी ली कर्टिस

**लॉस एंजिल्स।** लेखिका पेट्रीसिया कॉर्नवेल के सबसे अधिक बिकने वाले अपराध उपन्यास 'स्कार्पेटा' को सीरीज में तब्दील किया जा रहा है। इसमें हॉलीवुड स्टार्स निकोल किडमैन और जेमी ली कर्टिस अपने अभिनय का जलवा बिखेरती नजर आएंगी। जानकारी के अनुसार, किडमैन 'स्कार्पेटा' का शीर्षक किरदार निभाएंगी। कर्टिस उनकी बहन डोरोथी की भूमिका में होंगी। प्रशंसित निर्देशक डेविड गॉर्डन ग्रीन दो सीजन के पहले दो एपिसोड का निर्देशन करेंगे। 'स्कार्पेटा' में निकोल किडमैन और जेमी ली कर्टिस के अलावा बॉबी कैनावले, साइमन बेकर, एरियाना डेबोस, रोजी मैकवेन और जेक कैनावले शामिल हैं। किडमैन और कर्टिस दोनों कार्यकारी निर्माता के रूप में जुड़ी हुई हैं। निकोल किडमैन को हाल ही में नेटफ्लिक्स पर मिस्ट्री सीरीज 'द परफेक्ट कपल' में देखा गया था।



# पंजाब के खेतों में डीडीएलजे मूमेंट मिस नहीं कर सकते


**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह एक बार फिर चर्चा में हैं। अभिनेत्री की अजय देवगन के साथ फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' का इंतजार प्रशंसक कर रहे हैं। इस फिल्म के एक हिस्से की शूटिंग मुंबई में पूरी हो चुकी है। इसके अगले हिस्से की शूटिंग पंजाब में हो रही है। इस दौरान अपने कुछ मस्ती भरे पलों की फोटो रकुल प्रीत सिंह ने शेयर की है। इस फोटो में रकुल प्रीत सिंह ने अपना डीडीएलजे मूमेंट शेयर किया है। इस पोस्ट पर उन्होंने लिखा,' मैं अपने डीडीएलजे मूमेंट को पंजाब के खेतों में जीने से नहीं चूकी'। इस पोस्ट पर प्रशंसकों की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। एक प्रशंसक ने लिखा, 'आपके पोस्ट ने मेरा दिन बना दिया'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'वाह, आपकी फोटो बहुत ही सुंदर है'। एक अन्य ने लिखा, 'बहुत सुंदर और बेहद क्यूट'। वहीं, एक अन्य प्रशंसक ने टिप्पणी की, 'सुंदर दृश्य।'



# 'द नाइट मैनेजर' के एमी नॉमिनेशन से हैं खुश

**मुंबई।** अभिनेता अर्जुन कपूर ने अपने चाचा अनिल कपूर की ड्रामा सीरीज 'द नाइट मैनेजर' के एमी अवॉर्ड में नामांकित होने पर प्रतिक्रिया दी है। अर्जुन कपूर ने इस नॉमिनेशन को बिल्कुल सही और योग्य बताया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर अर्जुन कपूर ने अपने चाचा अनिल कपूर को बधाई भी दी है। इस पोस्ट को आदित्य रॉय कपूर ने रिशेयर किया है। साथ ही उन्होंने भी इस पर खास तरीके से कमेंट किया है। अभिनेता अर्जुन कपूर ने सोशल मीडिया पर स्टोरी पोस्ट की है। इसमें उन्होंने ड्रामा सीरीज 'द नाइट मैनेजर' की स्टार कास्ट यानी अनिल कपूर, आदित्य रॉय कपूर और शोभिता धुलिपाला के साथ और सीरीज क्रिएटर संदीप मोदी सहित टीम को टैग कर तालियां बजाती हुई इमोजी भी लगाई है। साथ ही अर्जुन ने इस सीरीज को नॉमिनेशन के लिए योग्य बताया है।

टीवी मसाला



# 'मोनालिसा' से जुड़े सवाल पर अटके ऑडियंस पोल के चक्कर में भटके

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति 16' का खेल जारी है। इसके हालिया एपिसोड में दिल्ली के 19 वर्षीय प्रतियोगी सानिध्य गुप्ता भी करोड़पति बनने का सपना लेकर शो में आए थे, लेकिन वह महज दस हजार रुपए ही जीत पाए। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि अमिताभ बच्चन द्वारा मोनालिसा पर एक सवाल पूछे जाने पर उन्होंने लाइफ लाइन ले ली और फिर जो हुआ उसके बारे में सानिध्य ने सोचा ही नहीं था। दरअसल, इस एपिसोड में अमिताभ बच्चन ने प्रतियोगी सानिध्य गुप्ता के सामने 10,000 रुपए के लिए इतिहास से जुड़ा एक सवाल रखा। सवाल था कि 'लियोनार्डो डी विंची ने मोनालिसा को किस सतह पर चित्रित किया? विकल्प के रूप में लकड़ी, कागज, कैनवास और कांस्य मिला। इस सवाल का उत्तर ना मालूम होने पर प्रतियोगी सानिध्य ने लाइफलाइन लेने का अनुरोध किया और फिर दर्शकों से मतदान कराया। रिपोर्ट्स के मुताबिक लाइफ लाइन का उपयोग करने के बाद उन्होंने तीसरा विकल्प 'कैनवास'को चुना। इस विकल्प के लिए मतदान दर 66 प्रतिशत थी। हालांकि, सानिध्य को झटका तब लगा जब 'केबीसी 16' के होस्ट अमिताभ ने फिर कहा, 'सर उत्तर गलत हो गया है। सही उत्तर है लकड़ी। मोनालिसा को 16वीं शताब्दी के शुरू में लकड़ी पर चित्रित किया गया था।

# कश्मीरा-कृष्णा ने काशी विश्वनाथ में गुपचुप रचाई थी शादी, सालों बाद खोला राज

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस कश्मीरा शाह और एक्टर कृष्णा अभिषेक पिछले 18 सालों से एक-दूसरे के साथ हैं। इन दिनों दोनों को कलर्स के शो लाफ्टर शेफ्स में देखा जा रहा है। कश्मीरा और कृष्णा की जोड़ी को टीवी इंडस्ट्री की सबसे क्यूट जोड़ी माना जाता है। अब एक पॉडकास्ट में कश्मीरा शाह और कृष्णा ने अपनी लव स्टोरी और रिश्ते को लेकर बात की है। उन्होंने बताया कि कैसे सबसे छुपकर उन दोनों ने बनारस में शादी रचाई थी। कश्मीरा ने बताया कि आजतक उन्होंने यह राज किसी के सामने नहीं खोला है। भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट में कृष्णा अभिषेक और कश्मीरा शाह मेहमान बनकर पहुंचे। बातचीत के दौरान कृष्णा और कश्मीरा ने अपनी लव स्टोरी के बारे में बताया। दोनों ने अपनी पहली मुलाकात से लेकर दोस्ती और प्यार में होने तक की कहानी साझा की। कश्मीरा ने बताया कि यह बात कोई नहीं जानता लेकिन उन्होंने बनारस के काशी विश्वनाथ मंदिर में शादी रचाई थी।



# ये है बॉलीवुड की सुपर-डुपरहिट फिल्म, 23 करोड़ में बनी और कमाए 220 करोड़ रुपए

**मुंबई।** साल 2018 की बात है। सिनेमाघरों में एक फिल्म रिलीज हुई थी जिसमें टैबू टॉपिक (ऐसा टॉपिक जिसपर लोग खुलकर बात नहीं करते हैं) पर बात की गई थी। इस फिल्म को क्रिटिक्स के पॉजिटिव रिव्यूज मिले थे, जिसका नतीजा ये हुआ कि इस कॉमेडी ड्रामा फिल्म ने ओपनिंग डे पर 7.35 करोड़ रुपए की कमाई कर डाली थी। देखते-देखते ये फिल्म हिट होते चली गई और 23 करोड़ के बजट में बनी इन फिल्म ने 220 करोड़ रुपए की कमाई कर डाली।




## फिल्म का नाम

इस फिल्म का नाम 'बधाई हो' है। इस फिल्म में नीना गुप्ता, आयुष्मान खुराना, गजराज राव, सुरेखा सीकरी और सान्या मल्होत्रा ने मुख्य भूमिका निभाई है। आप ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

## बन चुके हैं इस फिल्म के पांच रीमेक

जब हिंदी बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्म सुपर-डुपर हिट साबित हुई तब बोनी कपूर ने इस फिल्म का तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम भाषा में रीमेक बनाया। इतना ही नहीं, इस फिल्म को फाल्कन पिक्चर्स ने इंडोनेशियाई में केलुआर्गा स्लेमेट नाम से भी रीमेक बनाया था।

## फिल्म का सीक्वल

बधाई हो'के रिलीज होने के चार साल बाद इस फिल्म का सीक्वल 'बधाई दो' आया। हालांकि, 20 करोड़ रुपए के बजट में बनी 'बधाई दो'वर्ल्डवाइड सिर्फ 28.15 करोड़ रुपए की कमाई कर पाई।

# 'किस जीनियस ने तय किया कि 'आंटी' अपमानजनक शब्द है'

**नई दिल्ली।** दिग्गज अभिनेत्री जीनत अमान, जब से इंस्टाग्राम पर आई हैं, तब से लगातार अलग-अलग विषयों पर अपने विचार साझा करती रहती हैं। कभी-कभी वो अपने फिल्मी करियर से जुड़े पुराने और दिलचस्प किस्से भी शेयर करती हैं। इस बार उन्होंने आंटी शब्द को लेकर अपने विचार सामने रखे हैं। उन्होंने आंटी शब्द को अपमानजनक कहने को लेकर खुलकर बात की।




## बड़ी उम्र की महिलाओं के बिना हम कहां होते

जीनत ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक फोटो शेयर की, जिसमें उनकी स्वेटशर्ट पर 'आंटी' लिखा हुआ था। अपनी पोस्ट से साथ जीनत ने एक लंबा कैप्शन लिखा। उन्होंने लिखा कि किस जीनियस ने तय किया है कि 'आंटी' एक अपमानजनक शब्द है? निश्चित रूप से मैंने तो नहीं किया। वे बड़ी उम्र की महिलाएं, जो सब जगहों पर हैं और हमारे जीवन को आरामदायक और सुरक्षित बनाती हैं, उनके बिना हम कहां होते।

## भारतीय आंटी हर जगह

जीनत ने आगे लिखा कि भारतीय आंटी हर जगह हैं। वो आपको सहारा देने के लिए एक कंधा देती हैं, आपकी परेशानी को सुनने के लिए एक कान, गर्म खाना, एक स्वागत योग्य घर, एक जायज फटकार और ज्ञान का एक मोती देती हैं। उन्होंने लिखा कि जब आप आंटी शब्द को सुनते हैं, तो आप एक चिड़चिड़ी सी महिला के बारे में सोच सकते हैं या फिर आप अपने जिंदगी में बड़ी उम्र की महिलाओं के बारे में सोच सकते हैं।

## मैं आंटी हूं और मुझे इस पर गर्व है

जीनत ने लिखा कि मैं एक आंटी हूं और मुझे इस पर गर्व है। यह एक ऐसा टैग है, जिसे मैं खुशी से पहनना चाहूंगी। उन्होंने बताया कि उनके जीवन में उनकी सौतेली मां शमीम आंटी थीं, जो उनके (जीनत के) बेटों के छोटे होने पर उनका काफी ख्याल रखती थीं। वो खाना बनाती थीं और बच्चों की देखभाल भी करती थीं। जीनत ने इतना लिखने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स से पूछा कि अब आप मुझे अपने जीवन में असाधारण आंटी या आंटियों के बारे में बताइए।

## देश के बंटवारे के बाद चली गईं पाकिस्तान, फिर भी दोनों की दोस्ती में नहीं आई आंच

# वो एक्ट्रेस जिनकी खुद लता मंगेशकर भी बन गई थीं दीवानी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

'जवां है मोहब्बत, हसीं है जमाना, लुटाया है दिल ने खुशी का खजाना', ये गाना है फिल्म अनमोल घड़ी का और इस गीत को आवाज दी थी मल्लिका-ए-तरन्नुम नूरजहां ने। उनकी आवाज का जादू ऐसा था कि जो भी उन्हें सुनता, वह उनकी आवाज में खो जाता। कई दशक तक उन्होंने अपनी जादुई आवाज से लोगों के दिलों पर राज किया। नूरजहां की लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि 'भारत रत्न' स्वर कोकिला भी उनकी बहुत बड़ी फैन थीं। जब लता मंगेशकर ने फिल्मों में गाना शुरू किया था तो वह नूरजहां से प्रभावित थीं। वह दोनों बहुत ही कम समय में बहुत अच्छी दोस्त बन गई थीं, लेकिन देश के बंटवारे के बाद नूरजहां पाकिस्तान चली गईं और लता मंगेशकर भारत में ही रहीं। हालांकि, बंटवारे की आंच उनकी दोस्ती पर नहीं आई।



## एक्टिंग में भी आजमाया हाथ

*नूरजहां ने संगीत की शुरुआती शिक्षा कज्जनबाई से ली, लेकिन बाद में उन्होंने शास्त्रीय संगीत की शिक्षा उस्ताद गुलाम मोहम्मद और उस्ताद बडे गुलाम अली खां से ली। इस दौरान उन्होंने बचपन में ही सिंगिंग के अलावा एक्टिंग में भी हाथ आजमाया। बाल कलाकार के तौर पर साल 1930 में रिलीज हुई फिल्म 'हिन्द के तारे' से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की। तब तक उनका नाम अल्लाह राखी वसाई था। हालांकि, गायिका मुख्तार बेगम ने उन्होंने नूरजहां नाम दिया।*

## छह साल की उम्र से शुरू किया गाना

*21 सितंबर 1926 को पंजाब के कसुर में पैदा हुईं नूरजहां के बचपन का नाम अल्लाह राखी वसाई था। नूरजहां के माता पिता थिएटर में काम करते थे और उनका संगीत की ओर भी झुकाव था। घर का माहौल संगीतमय था और इसका प्रभाव उन पर भी पड़ा। जब वह छह साल की थीं तो उन्होंने गाना गाना शुरू कर दिया, उनके इस शौक से परिवार वाले भी प्रभावित हुए और उन्होंने नूरजहां को घर में संगीत की शिक्षा देने की व्यवस्था की।*

## हार्ट अटैक से हुआ निधन

*इस बीच उन्होंने गायकी को जारी रखा। नूरजहां को सर्वश्रेष्ठ महिला गायिका के लिए 15 से अधिक निगार पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ उर्दू गायिका के लिए आठ और पंजाबी पार्श्व गायिका के लिए कई अवॉर्ड से नवाजा गया। उनकी दिलकश आवाज के चलते उन्हें मल्लिका-ए-तरन्नुम की उपाधि दी गई। मल्लिका-ए-तरन्नुम ने 23 दिसंबर 2000 को हार्ट अटैक के कारण दुनिया को अलविदा कह दिया। उस समय वह 74 साल की थीं।*

## फिल्म निर्देशक से की शादी

1937 आते-आते नूरजहां का परिवार लाहौर शिफ्ट हो गया। नूरजहां ने 'गुल-ए-बकवाली' फिल्म में अभिनय किया और ये सुपरहिट साबित हुई और इसके गीत भी बहुत लोकप्रिय हुए। इसके बाद उन्होंने 'यमला जट' (1940), 'चौधरी' जैसी फिल्में की। इनके गाने 'कचियां वे कलियां ना तोड़' और 'बस बस वे ढोलना कि तेरे नाल बोलना' लोगों की जुबान पर चढ़ गए। साल 1942 में उनकी फिल्म 'खानदान' आई, जिसमें पहली बार उन्होंने लोगों का ध्यान खींचा। इसी फिल्म के निर्देशक शौकत हुसैन रिजवी के साथ बाद में उन्होंने शादी कर ली, लेकिन 1953 में दोनों अलग हो गए। नूरजहां ने दूसरी शादी एजाज दुर्रानी से की थी, जो कुछ सालों बाद टूट गई।

## दिलीप कुमार ने की रोकने की कोशिश

भारत-पाकिस्तान के बंटवारे के बाद नूरजहां हमेशा के लिए पाकिस्तान चली गईं। फिल्म अभिनेता दिलीप कुमार ने नूरजहां से भारत में ही रहने की पेशकश की थी, मगर उन्होंने यहां रुकने से मना कर दिया और कहा, 'मैं जहां पैदा हुई हूं, वहीं जाऊंगी'। हालांकि, वह पाकिस्तान जाने के बाद भी भारतीय फिल्मों के लिए गाने गाती रहीं। भारत में रहते हुए नूरजहां ने 'खानदान', 'जुगनू', 'दुहाई', 'नौकर', 'दोस्त', 'बड़ी मां' और 'विलेज गर्ल' में काम किया। बतौर अभिनेत्री नूरजहां की आखिरी फिल्म 'बाजी' थी, जो 1963 में रिलीज हुई थी। उन्होंने पाकिस्तान में रहकर 14 फिल्में बनाई थी।